राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

■ मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित

डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 **5** अक्टूबर में 15 दिन बंद रहेंगे बैंक | सम्पादकीय मोहम्मद मुइज्जू ने भारत को लेकर बदला रुख | आज सोने-चांदी में गिरावट **5**

वर्ष 11 अंक 129 E-mail: dholpur@hotmail.com फरीदाबाद, मंगलवार 01 अक्टूबर 2024 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

आतंकवाद का कोई स्थान नहीं : पीएम मोदी

बेंजामितन नेतन्याहू से बात करते हुए बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर बात की और इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद के लिए हमारी दुनिया में कोई जगह नहीं है। मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम के बारे में प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बात की। आतंकवाद के लिए हमारी दुनिया में कोई जगह नहीं है। क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसी विशेष घटना का जिक्र नहीं किया, लेकिन पिछले सप्ताह लेबनान में किए गए इजराइली हमलों में आतंकवादी समूह हिज्बुल्ला के सात उच्च पदस्थ कमांडर और अधिकारी मारे गए, जिनमें समूह का प्रमुख हसन नसरल्ला भी शामिल था।

ग्रामीण क्षेत्रों में जन-आंदोलन बना स्वच्छता ही सेवा अभियान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन ने स्वच्छता के लिए दुनिया के सबसे बड़े जन-आंदोलन को जन्म दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए ग्रामीणों को जागरूक करना इस मिशन की एक प्रमुख सफलता रही। मध्यप्रदेश ने ग्रामीण स्वच्छता में कई विशिष्ट उपलब्धियां हासिल की है। प्रदेश में 70 लाख से अधिक शौचालयों का निर्माण कर संपूर्ण रूप से खुले में शौच से मुक्त घोषित किया जा चुका है। मिशन के दूसरे चरण में प्रत्येक ग्राम की ओडीएफ की स्थिति को निरंतर रखते हुए ठोस एवं तरल अपशिष्ट का निपटान भी किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती एवं स्वच्छ भारत मिशन की 10 वीं वर्षगांठ पर स्वच्छता के दृष्टिकोण को शासकीय एवं सामुदायिक प्रयासों से जन-जन तक पहुंचाने के लिए ÷स्वच्छता ही सेवा÷ अभियान पखवाड़ा 17 सितंबर से प्रारंभ किया गया, जो 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर समारोह के साथ सम्पन्न होगा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान में जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये कई जन-प्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, आम नागरिकों ने एकजुटता दिखाई। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने छिंदवाड़ा जिले के छिंदी ग्राम से ÷स्वच्छता साथी-वॉश ऑन व्हील सेवा÷ का शुभारंभ किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने रीवा में स्वच्छता संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होकर स्वस्थ भारत, स्वच्छ भारत के उद्देश्य को साकार करने के लिए प्रेरित किया। राज्य के सभी मंत्री, सांसद, विधायकों ने अपने क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों में शामिल होकर संपूर्ण स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का संदेश पहुंचाया।

स्वच्छता शपथ, स्वच्छता चौपाल, स्वच्छता रैली, स्वच्छता के लिये श्रमदान स्वच्छता संवाद, प्रतियोगिताएँ, खेल लीग, एक पेड़ माँ के नाम, घर-घर जागरूकता इत्यादि गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता में जन-भागीदारी की गतिविधियां की गई, जिसमें 40 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया।

स्वच्छता लक्षित इकाइयों का चिन्हांकन

अभियान मेंऐसे स्थान जहां कूड़े-कचरे का ढेर था, उन स्थानों का चिन्हांकन कर स्वच्छ स्थानों में परिवर्तित किया गया। ऐसी 19 हजार 742 स्वच्छता लक्षित इकाइयों को 12 लाख 77 हज़ार लोगों की जन-भागीदारी से स्वच्छ साईट में परिवर्तित किया गया, जिससे खुले में पड़े 10 हजार 681 टन कचरे का सुरक्षित निपटान हुआ। अब तक 333 टन से अधिक प्लास्टिक कचरे का जन-भागीदारी से संग्रहण किया जाकर सुरक्षित निपटान किया गया है।

जम्मू-कश्मीर : आखिरी चरण में 40 सीटों पर मतदान आज

आर.एन.एस.

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के आखिरी और तीसरे चरण में कल मंगलवार (1 अक्टूबर) को 7 जिलों की 40 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें 39.18 लाख वोटर्स शामिल होंगे। तीसरे फेज की 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, आखिरी फेज 415 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 387 पुरुष और 28 महिला उम्मीदवार हैं। थर्ड फेज में 169 कैंडिडेट्स करोड़पति और 67 उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। जम्मू के नगरोटा से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह राणा की सबसे ज्यादा 126 करोड़ संपत्ति है।

इस फेज में संसद हमले का मास्टरमाइंड अफजल गुरु के बड़े भाई एजाज अहमद गुरु भी चुनावी मैदान में है। एजाज गुरु सोपोर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी हैं। नॉर्थ कश्मीर की लंगेट सीट से इंजीनियर राशिद के भाई खुर्शीद अहमद शेख चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं पूर्व उप मुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग बारामूला से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झारखण्ड में बाबा बैद्यनाथ महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

झारखण्ड। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सोमवार को झारखण्ड प्रवास के दौरान देवघर स्थित ज्योतिर्लिंग श्री बाबा बैद्यनाथ धाम में देवादिदेव भगवान महादेव के दर्शन कर पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश व प्रदेशवासियों के मंगल और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने भगवान से प्रार्थना की कि आपकी कृपा सभी पर अनवरत बरसती रहे।

अनुराग जैन के मुख्य सचिव बनने की पटकथा कई महीनों से लिखी जा रही थी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

भोपाल। अनुराग जैन को मुख्य सचिव बनाने की स्क्रिप्ट कई माह पूर्व ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हुई मुलाक़ात में लिखी जा चुकी थी। मुख्यमंत्री और अनुराग जैन के बीच पिछले छह माह में 5 से ज़्यादा बार मुलाक़ात हुई थी। कल रविवार को भी दोनों की भोपाल में लंबी मुलाक़ात की खबर है। मुख्यमंत्री ने एक महीने पहले दिल्ली में पदस्थ अधिकारियों को दिये गये भोज के दौरान अनुराग जैन को विशेष तवज्जो दी थी। प्रदेश के विकास को लेकर डॉ. मोहन यादव गंभीर हैं। आगामी विकास योजनाओं के लिए कई बार दिल्ली का दौरा कर चुके हैं। नये मुख्य सचिव के सामने प्रशासनिक कसावट एवं केंद्र में लंबित योजनाओं को गति देने की चुनौती रहेगी। अपने दिल्ली कार्यकाल के रिश्तों से प्रदेश के हितों को साधना होगा। अपनी सरकार की छवि को लेकर भी संवेदनशील हैं मुख्यमंत्री यादव। जवाबदार एवं ईमानदार छवि वाले को मुख्य सचिव बनाकर मुख्यमंत्री ने दिया स्पष्ट संदेश। साथ ही वरिष्ठता क्रम की परंपरा का भी पालन किया।

तिरुपति लड्डू विवाद : जांच चल रही है तो सीएम ने बयान क्यों दिया - सुप्रीम कोर्ट

कहा - कम से कम भगवान को तो राजनीति से दूर रखें

आर.एन.एस.

नई दिल्ली। तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में जानवरों की चर्बी वाले घी के इस्तेमाल पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- जब प्रसाद में पशु चर्बी होने की जांच सीएम चंद्रबाबू नायडू ने एसआईटी को दी, तब उन्हें मीडिया में जाने की क्या जरूरत थी। कम से कम भगवान को तो राजनीति से दूर रखें।

बेंच ने कहा- जुलाई में लैब रिपोर्ट आई। वह स्पष्ट नहीं है। मुख्यमंत्री स्ढ्ढञ्ज जांच के आदेश देते हैं और फिर सितंबर में मीडिया के सामने बयान देते हैं। एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति ऐसा कैसे कर सकता है।

कोर्ट ने तिरुपति मंदिर की ओर से पेश हुए वकील सिद्धार्थ लूथरा से पूछा- इस बात के क्या सबूत हैं कि लड्डू बनाने में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था। इस पर उन्होंने कहा कि हम जांच कर रहे हैं। इसके बाद जस्टिस गवई ने पूछा, फिर तुरंत प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी? आपको धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। बेंच ने करीब 1 घंटे की सुनवाई के बाद कहा कि मामले की जांच एसआईटी से ही कराएं या फिर किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से, इसके लिए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से हम सुझाव चाहते हैं। सभी याचिकाओं पर एक साथ 3 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे सुनवाई करेंगे।

आज कोर्ट में डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी, वाई.वी. सुब्बा रेड्डी, विक्रम संपत और दुष्यंत श्रीधर के अलावा सुरेश चव्हाण की 4 याचिकाएं थीं। स्वामी की ओर से वरिष्ठ वकील राजशेखर राव, वाई.वी. सुब्बा रेड्डी की ओर से सिद्धार्थ लूथरा, आंध्र प्रदेश सरकार की तरफ से मुकुल रोहतगी और केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे।

नेपाल में बाढ़-भूस्खलन : 4 दिन में 170 लोगों की मौत, 50 से ज्यादा लापता

300 से ज्यादा घर डूबे, 16 पुल भी टूटे

आर.एन.एस.

काठमांडू। नेपाल में भारी बारिश के चलते आई बाढ़ और भूस्खलन के चलते अब तक 170 लोगों की मौत हो चुकी है। यहां गुरुवार से लगातार पानी गिर रहा है। इसकी वजह से पूर्वी और मध्य नेपाल के कई इलाके जलमग्न हो चुके हैं। कुछ इलाकों में अचानक बाढ़ भी आई है।

अकेले काठमांडू घाटी में 40 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक बाढ़, भूस्खलन और जलभराव की वजह से 55 से ज्यादा लोग लापता हैं और 100 से अधिक घायल हुए है। साथ ही कम से कम 322 घर और 16 पुल अब तक क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। भारी बारिश और बाढ़ की वजह से सड़कों पर भूस्खलन और जलभराव हुआ है। इसके चलते सैकड़ों लोग सड़कों पर फंसे हुए हैं। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य के लिए 20 हजार से ज्यादा सुरक्षा कर्मियों को लगाया हुआ है। अब तक करीब 3600 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है।

जम्मू-कश्मीर : आखिरी चरण में 40 सीटों पर मतदान आज

श्रीनगर। जम्मू- कश्मीर विधानसभा चुनाव के आखिरी और तीसरे चरण में कल मंगलवार (1 अक्टूबर) को 7 जिलों की 40 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें 39.18 लाख वोटर्स शामिल होंगे। तीसरे फेज की 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, आखिरी फेज 415 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 387 पुरुष और 28 महिला उम्मीदवार हैं। थर्ड फेज में 169 कैंडिडेट्स करोड़पति और 67 उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। जम्मू के नगरोटा से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह राणा की सबसे ज्यादा 126 करोड़ संपत्ति है।

इस फेज में संसद हमले का मास्टरमाइंड अफजल गुरु के बड़े भाई एजाज अहमद गुरु भी चुनावी मैदान में है। एजाज गुरु सोपोर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी हैं।

बिना श्रद्धा और विश्वास के आप ईश्वर को नहीं पा सकतेः स्वामी अवधेशानंद जी

सूरत में श्रीराम कथा का हुआ समापन



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

सूरत (गुजरात)। सकल जैव-जगत् के कल्याण हेतु पूर्ण परात्पर ब्रह्म भगवान श्रीराम के दिव्य गुणानुवादों सहित श्रीमत् परमहंस, परिव्राजकाचार्य, श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ, जूनापीठाधीश्वर, आचार्य महामण्डलेश्वर, अनंत श्री विभूषित स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज के श्रीमुख से 'सूरत विस्तार' में छात्रावास के निर्माण हेतु 'श्री श्याम अखण्ड ज्योत सेवा समिति', सूरत (गुजरात) के पारमार्थिक संकल्प से पवित्र पितृपक्ष में आयोजित आद्यकवि श्री वाल्मीकि द्वारा रचित कल्याणकारक, भवतारक एवं मोक्षदायक 'श्रीराम कथा' के 'विराम दिवस' की कथा हुई।

सोमवार को कथा के 'विराम दिवस' पर उपस्थित साधकों को श्रीराम कथामृत का रसपान कराते हुए स्वामी श्री अवधेशानंद जी ने अपनी मधुर, प्रांजल एवं सारगर्भित वाणी से श्रीमद वाल्मीकि रामायण के विविध कथा प्रसंगों के माध्यम से 'आध्यात्मिक उन्नति एवं जीवन-प्रबंधन' के दिव्य सूत्र प्रदान किये। भारतीय संस्कृति का वैविध्य सृजन से विसर्जन तक की अनुपम यात्रा में देखने को मिलता है। 'जितना अच्छा सृजन, उतना ही उत्कृष्ट विसर्जन ...' स्वामी जी ने कहा कि सत्य नित्य विद्यमान सत्ता है। कलियुग के प्राणियों के लिए भगवान 'नामावतारण' के रूप में प्रकट हुए हैं। बिना श्रद्धा और विश्वास के आप ईश्वर को नहीं पा सकते। गुरु के वाक्यों में श्रद्धा और विश्वास से साधक सब कुछ प्राप्त कर सकता है। भगवान अनन्त हैं और उनकी कथाएँ भी अनन्त है। सम्पूर्ण चराचर जगत में सर्वत्र भगवत तत्व ही विद्यमान है। यहाँ जो अनेकता दिखाई देती है, वह एक ही है। वेद-शास्त्र कहते हैं - 'एकोऽहं बहुस्यामः ..'। श्रद्धा से परम तत्व ब्रह्म को जाना जा सकता है।

'मनोबुद्ध्यहङकार चित्तानि नाहं न च श्रोत्रजिह्वे न च घ्रणनेत्रे।' मैं मन, बुद्धि, अहंकार और चित आदि नहीं हूँ। वेद के चार महावाक्य हैं - 'अहं ब्रह्मास्मि, तत्त्वमसि, प्रज्ञानं ब्रह्म और अयमात्मा ब्रह्म।'

भगवान के अनुग्रह के वशीभूत ही हम मनुष्य हैं। अपने सत्य को, अपने स्वरूप को, अपनी निजता को जानने की जीवन में जब तत्परता जगे, तब अनायास ही सन्तों की समीप्यता में जीव पहुँच जाता है। आपके जीवन में साधन चतुष्टय सिद्ध हो पाए, यह केवल सत्संग से ही सम्भव है। यह सब शास्त्र विचार, सन्त सन्निद्धि जब आपके भीतर घटे, तब आपका सकल भ्रम, भय, अज्ञान आदि दूर हो जाते हैं। जीवन के त्रिविध ताप आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक सब नष्ट हो जाते हैं। अंधकार का नाम मृत्यु है, जबकि प्रकाश ही जीवन है। वेद और शास्त्रों के प्रकाश हमारे जीवन में नवउमंग, नव उल्लास लेकर आते हैं। प्रकृति नित्य परिवर्तनशील है। 'कौन बतावे बाट, बिन गुरु ..' कभी आपका स्मरण होता है और कभी विस्मरण भी हो जाये, तो इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए। हमारा मन हरपल किसी न किसी की कल्पनाओं और स्मृतियों में ही लगा रहता है। इस काल्पनिक संसार में आप किसी की भी कल्पना कर सकते हैं, लेकिन श्रेष्ठ और मधुर कल्पना केवल ईश्वर की ही है।

इस अवसर पर कथा के प्रमुख यजमान श्याम सुन्दर जी अग्रवाल, प्रमेश जी गोयल, रोशन जी मोदी, अनिल जी पंसारी, प्रदीप जी अग्रवाल, महेश जी अग्रवाल, राजू जी डोकानिया, राजू जी चांडक, दिनेश जी अग्रवाल आयोजन समिति के कौशल जी खंडेलिया, दीपक जी खेराड़ी, पूज्य सन्त मण्डली महामण्डलेश्वर स्वामी श्री अपूर्वानन्द गिरि जी महाराज, महामण्डलेश्वर स्वामी श्री राजराजेश्वरानन्द गिरि जी महाराज, स्वामी श्री नित्यानन्द गिरि जी महाराज, स्वामी श्री कल्याणानन्द गिरि जी महाराज, स्वामी श्री ज्ञानानन्द गिरि जी महाराज सहित अनेक पूज्य सन्तगण, प्रभु प्रेमी संघ के पदाधिकारी, शासन-प्रशासन के अनेक अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु साधकों की उपस्थिति रही।

शारदीय नवरात्रि में तामसिक भोजन नहीं करें : आचार्य अरविंद अग्रवाल

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना/जौरा। शारदीय नवरात्रि महोत्सव 2024 3 अक्टूबर से शुरू होकर 11 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इस साल नवरात्रि 10 दिनों की होगी। नवरात्रि महोत्सव में तामसिक भोजन नहीं करें, ऐसा कहना है अंचल के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य अरविंद अग्रवाल का। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि शारदीय नवरात्रि सभी नवरात्रियों में सबसे अधिक लोकप्रिय एवं महत्वपूर्ण नवरात्रि इसीलिए कहा जाता है कि शारदीय नवरात्रि माहा नवरात्रि भी मानी जाती है। शारदीय नवरात्रि आश्विन मास की शरद ऋतु के समय शरद ऋतु होने के कारण प्रारंभ होती हैं, इसीलिए इसे शारदीय नवरात्रि भी कहा जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों माँ भवानी के नौ रूपों की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ की जाती है। इस बार माँ दुर्गा का आगमन पालकी पर होगा। शारदीय नवरात्रि महोत्सव 03 अक्टूबर गुरुवार से प्रारंभ होंगे। नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6:14 से 7:21 तक रहेगा। घट स्थापना अभिजीत मुहूर्त में 11:45 से दोपहर 12:33 तक रहेगी, जिसकी कुल अवधि 47 मिनट की है। इन दोनों शुभ योग समय में घट स्थापना कर माँ दुर्गा की उपासना कर सकते हैं। शारदीय नवरात्रि के दौरान प्रातः की पूजा करने के बाद दिन में नहीं सोना चाहिए। किसी के साथ लड़ाई झगड़ा भी नहीं करना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शारदीय नवरात्रि में तामसिक भोजन, शराब, मांस, प्याज का सेवन करने से बचना चाहिए। इसके अलावा घर और मंदिर को गंदा नहीं रखना चाहिए। पूरी तरह से साफ-सफाई आकर्षक सजावट होनी चाहिए। अरविंद अग्रवाल का यदि कहना है कि माँ भवानी दुर्गा का वास साफ-सफाई वाली जगह पर ही होता है। 09 दिन माता रानी जगत जननी की विधि विधान से उपवास रखना पूजा पाठ करने से मनोकामना भी पूरी होती है। जगत जननी संकट भी हर लेती हैं।

12 को होगा विसर्जन

ज्योतिषाचार्य अरविंद अग्रवाल का कहना है कि इस बार नवरात्रि महोत्सव 10 दिन का है। 03 अक्टूबर से लेकर 11 अक्टूबर तक माता रानी के दरबार सजाएंगे। 12 अक्टूबर को विसर्जन होगा। 03 अक्टूबर को माँ शैलपुत्री, 04 अक्टूबर को माँ ब्रह्मचारिणी, 05 अक्टूबर को माँ चंद्रघंटा, 06 अक्टूबर को माँ कुष्मांडा, 07 अक्टूबर को माँ स्कंदमाता, 08 अक्टूबर को माँ कात्यायनी, 09 अक्टूबर को महाकालरात्रि, 10 अक्टूबर को माँ सिद्धिदात्री एवं 11 अक्टूबर को माँ महागौरी की पूजा अर्चना विधि विधान से होगी।

महुआ में लगभग 55 सालों से लगातार हो रहा रामलीला का मंचन,अहिल्या उद्धार प्रसंग सुनकर भक्ति रस में डूब गए श्रोता

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना/अम्बाह। महुआ गांव में श्रीरामलीला महोत्सव के दूसरे दिन अहिल्या का उद्धार और पुष्प वाटिका प्रसंग का मंचन हुआ। भगवान श्रीराम अहिल्या को गौतम ऋषि के श्राप से मुक्त करते हैं। वहीं, राजा जनक की नगरी श्रीराम के अनुपम रूप को देख कर मुग्ध हो जाती है। जनकपुरी के राजा जनक की पुत्री सीता माता अपनी सखियों के साथ दुर्गा माता की पूजा-अर्चना के लिए वहां पहुंचती हैं। भगवान राम और सीता जी एक-दूसरे को देखकर मन ही मन बेहद प्रसन्न होते हैं।

ज्ञात रहे कि ग्राम महुआ में बाबा हर गोविंद आश्रम पर 29 सितंबर से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। गांव में 55 साल से लगातार यह रामलीला हो रही है। 50 लोगों की टीम इस कला मंडल से जुड़ी हैं। बता दें कि अंचल की सांस्कृतिक पहचान में से एक रामलीला है। स्थानीय कलाकार अपने व्यस्त होने के बाद भी समय निकालकर आयोजन स्थल पर पहुंच जाते हैं और अपने-अपने स्वरूपों की भूमिका निभाते हैं। मुख्य पात्रों के लिए कलाकार निर्धारित हैं लेकिन जरूरत पड़ने पर किसी भी कलाकार को कोई दूसरी भूमिका निभाने से भी परहेज नहीं है। इन कलाकारों में हर उम्र के कलाकार शामिल है। इस आयोजन में इटावा का एक परिवार भी जुड़ा हुआ है। जो हर वर्ष आकर रामलीला आयोजन तक गांव में रहकर अपनी भूमिका निभाता है।

जिपं पूर्व सदस्य शिवाकर सिंह कर रहे रावण का अभिनय

रामलीला देखने के लिए अंबाह, पोरसा व दिमनी तक के लोग जाते हैं। आगे राम वन गमन, रामलीला में ताड़का वध, परशुराम संवाद, सूपनखा का नाक विच्छेद, खर दूषण वध, बाली सुग्रीव युद्ध, लंका दहन, मेघनाथ वध, अहिरावण का पाताल प्रसंग, रावण वध प्रसंग होगा। जिला पंचायत पूर्व सदस्य शिवाकर सिंह तोमर का कहना है कि अपने विद्यार्थी काल से ही अभिनय के जरिए इस मंच से लगाव है। तभी से हर साल गांव में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, वहीं रामलीला के शुभारंभ पर महुआ थाना प्रभारी पवन भदोरिया ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला हमें सद्मार्ग पर चलने की सीख देती है। उन्होंने उपस्थित जनों से भगवान राम के आदर्शों को जीवन मे उतारने का आह्वान किया।

अग्रवाल युवा एकता संघ के सदस्यों ने घर-घर जाकर महाराजा अग्रसेन जयंती के पत्रक वितरित किए

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना/जौरा। अग्रवाल युवा एकता संघ के सदस्यजनों द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर अग्रवाल समाज बंधुओं के के घर-घर जाकर अग्रसेन जयंती की रूपरेखा के चलते अग्रवाल युवा एकता संघ ने हर अग्रवाल के घर पत्रक वितरण किए और साथ ही अपील की गई कि सुबह 5 बजे प्रभात फेरी और अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर महाराजा अग्रसेन जयंती के चल समारोह को ऐतिहासिक बनाया जाए। यह महाराजा अग्रसेन जयंती कोविड के समय से बंद हो गई थी, लेकिन 5 साल बाद एक बार फिर अग्रवाल बंदुओं को ऐसा मौका मिला है। इस अवसर पर पंकज गुप्ता, सुनील मंगल, संजीव गोयल, अनिल गुप्ता फैशन बाजार, विकास मित्तल, अमित सिंहल अन्नू, दीपांशु गोयल, अभिषेक गुप्ता, अमृतेश सिंहल, पलाश बंसल, अर्पित गुप्ता, रोहित गुप्ता, राहुल बंसल रानू, सौरभ बंसल, अमित सिंघल, हर्षित गोयल, राहुल गुप्ता ताइक्वांडो, अजय गर्ग, सौरभ गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कै. श्रीमंत सिंधिया की पुण्यतिथि पर प्रार्थना सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना/जौरा। सरस्वती कुंज राजीव गांधी मार्ग पर आयोजित प्रार्थना सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम में कै. श्रीमंत सिंधिया के करीबी जौरा के प्रमुख समाजसेवी व वरिष्ठ नेता कैलाश मित्तल ने बहुत ही गमगीन माहौल में बताया कि देश के लोकप्रिय यशस्वी हमारे राष्ट्रीय नेता जन-जन के लाड़ले, राष्ट्र के गौरव जिनके नेतृत्व में ग्वालियर चंबल संभाग ही नहीं मध्यप्रदेश सहित पूरे देश के हर राज्य में प्रगति एवं विकास के कई कीर्तिमान स्थापित हुए ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी कै. श्रीमंत माधव राव सिंधिया एक हवाई दुर्घटना में 30 सितंबर 2001 की मनहूस तिथि में ब्रह्मलीन हो गए। जबकि महाराज साहब को हमारे कार्यक्रम में 04 अक्टूबर 2001 को जौरा आना था, लेकिन विधाता को कुछ और ही मंजूर था, हम असहाय हो गए। श्रद्धांजलि व प्रार्थना सभा में मुख्य रूप से न.पा. की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती शारदा मित्तल, पूर्व पार्षद व वरिष्ठ नेतागण छविराम शर्मा, प्रमोद शर्मा, पवन शर्मा, डॉ. राजेश शुक्ला, दिलीप काला, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती राजावेटी व्यास, विजय जैन, पवन मोहनपुर, विकास मित्तल, संतोष शर्मा, डॉ. सुरेश शर्मा, कमलेश सिंघल, डॉ. अरुण शर्मा, दिनेश शर्मा, स्वाती मित्तल, ऊषा गुप्ता आदि मौजूद थे।

महिला बाल विकास विभाग अम्बाह परियोजना का पोषण माह सम्पन्न

उत्कृष्ट पोषण थाली बनाने वाली कार्यकर्ता, सहायिकाएं हुईं सम्मानित

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना/अम्बाह। महिला बाल विकास विभाग अम्बाह परियोजना द्वारा 1सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक चलाए जा रहे पोषण माह का समापन आज महात्मा लोचनदास विद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पोषण थाली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट थाली बनाने वाली कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें मंजुलता शर्मा ने प्रथम, विनीता श्रीवास्तव ने द्वितीय और कीर्ति सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।इस अवसर पर अन्तरा फाउंडेशन की डा.रुपिका और शुभभ मिश्रा ने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर चर्चा की। परियोजना अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने गर्भवती, धात्री व किशोरी बालिकाओं को संतुलित आहार टीएचआर के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामसेवक शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विजय शर्मा, अमर शहीद सम्मान सेवा समिति के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह तोमर, पर्यवेक्षक भगवती उमरैया, मधु रजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और क्षेत्रीय हितग्राही उपस्थित रहे।

बंगाली समाज का सर्वजनीन दुर्गा महोत्सव 9 से

ग्वालियर। बंगाली सोशल एण्ड कल्चरल एसोसिएशन सेन्ट्रल ग्वालियर द्वारा श्री श्री सर्वजनीन दुर्गा महोत्सव 9 से 13 अक्टूबर तक मनायेगा। इस दौरान 8 अक्टूबर करो आनंदो मेला भी आयोजित किया जायेगा। महोत्सव में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी। बंगाली सोशल एण्ड कल्चरल एसोसिएशन सेन्ट्रल ग्वालियर के प्रेसीडेंट केडी विश्वास ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा शरदीय नवरात्र पर होने वाले दुर्गा महोत्सव का यह 32वां साल है। महोत्सव की शुरूआत 9 अक्टूबर को सशथाबडी कल्पारंभा, पुष्पांजलि और आमंत्रण ओ अधीबास से होगी। 10 अक्टूबर को महासप्तमी पूजा, 11 अक्टूबर को महाष्टमी पूजा और 12 अक्टूबर को महानवमी एवं महादशमी पूजा होगी। वहीं 13 अक्टूबर को देवी बारान आर देवी प्रोसेशन टू सागरताल का आयोजन होगा।

कै. सिंधिया की पुण्यतिथि पर हुए कई कार्यक्रम

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना/जौरा। पूर्व केंद्रीय मंत्री वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कै. माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर उनके समर्थकों ने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 30 सितंबर को कै. माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर वर्तमान केंद्रीय मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक भाजपा नेताओं प्रदीप बनवारी लाल शर्मा पूर्व विधायक के नेतृत्व में मरीजों को फल वितरित किए गए। अवसर पर प्रदीप शर्मा का कहना था कि आज इस अंचल में जो विकास की गाथा लिखी गई है वह कै. माधव राव सिंधिया की ही देन है। इस क्षेत्र से कै. सिंधिया का बेहद लगाव था और उन्होंने इस पूरे अंचल में विकास की गंगा भी बहाई। इस अवसर पर राजकुमार यादव सरपंच, बनवारी त्यागी, काली गुर्जर सरपंच, कुलदीप शर्मा, उदय रावत, रामकुमार दुबे, राहुल शर्मा, अनूप रावत, सीटू शर्मा, युवराज गुर्जर, कालू रावत सहित अन्य सिंधिया समर्थक भाजपाई उपस्थित रहे।

नगर पालिका में सफाई कर्मियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना/अम्बाह। स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद अम्बाह में कार्यरत् 130 से अधिक सफाई मित्रों के लिए आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. अजयदीप गुर्जर, डॉ. पी.एम. सैनी, वार्डवाय विद्याराम रजक सहित सिविल हॉस्पीटल अम्बाह की टीम ने सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। ज्ञात रहे कि स्वच्छता पखवाड़े के दौरान नगर में सफाई के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ऐसे में सफाई मित्र पूरे दिन सफाई कार्य रहे हैं, जिससे उनके बीमार होने की आशंका है। इसलिए उनका स्वास्थ्य परीक्षण बहुत आवश्यक है। सिविल हॉस्पीटल के डॉक्टर्स ने हमारे कार्यालय में आकर हमारे सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित कीं। निकाय की कोशिश रहेगी कि हर 03 महीने में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हो और प्रत्येक सफाई मित्र को पर्याप्त इलाज व दवाइयों की सुविधा मिल सके। उक्त कार्य में सत्यवीर कपासिया पार्षद, के.के. दीक्षित उपयंत्री, रवि शर्मा, जावेद खान सहित नगर पालिका परिषद अम्बाह के कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

3 से प्रारंभ होगा शारदीय नवरात्रि महोत्सव, तैयारियां जोरों पर

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना/पोरसा। शारदीय नवरात्रि 03 अक्टूबर से मंदिरों में शुरू हो जाएंगे। सजावट का कार्य शुरू हो चुका है। शहर में एक सैकड़ा से अधिक झांकियां माता की लगेंगी तथा ग्रामीण क्षेत्र में भी झांकियां लगेंगी। माता की मूर्तियां बनकर तैयार हैं, जिनकी जमकर दुकानदारी चल रही है। नागाजी मंदिर परिसर में स्थित राजराजेश्वरी कैलादेवी मंदिर पर राजवीर सिंह तोमर बीरबलपुरा वाले दुर्गा पाठ करा रहे हैं। कैलादेवी मंदिर पर 11 अक्टूबर को छप्पन भोग लगाया जाएगा तथा 12 अक्टूबर को शरदीय नवरात्रि के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जो पुजारी रामदास श्रौत्रिय महाराज के सानिध्य में होगा। सभी मंदिरों पर नवरात्रि महोत्सव एवं दुर्गा पाठ का आयोजन चल रहा है, जिसकी तैयारियां चल रही हैं। नागाजी मंदिर, गिरिराज जी मंदिर, गणेश जी का मंदिर, पुराने थाना स्थित बालाजी मंदिर, मंशापूर्ण देवी माता मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, गल्ला मंडी मंदिर, गेस्ट हाउस वाला मंदिर सहित सभी मंदिरों पर नवरात्रि महोत्सव के दौरान दुर्गा पाठ एवं दुर्गा चालीसा एवं भजन तथा लांगुरिया का आयोजन किया जाएगा।

हिंदी हमें घर पर ही नहीं बाहर भी सम्मान दिलाती हैः राधाचरण पुरोहित

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना/पोरसा। हिंदी हमें घर पर ही नहीं बाहर भी सम्मान दिलाती है, हिंदी में हमारे संस्कार भरे हैं जो हमें अपनी मातृभाषा का बोध कराते हैं। यह बात राधा शरण पुरोहित ब्लॉक समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद पोरसा ने कही। वे पूनम समाज सेवा समिति पोरसा द्वारा आयोजित हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि की असंदी से बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन सी.एम. राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोरसा के सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.एन. त्रिवेदी समाजसेवी मुरैना ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिओम गुप्ता, कृष्ण चंद्र दीक्षित, संतोष उपाध्याय रहे। सहभागी के रूप में संगीता तोमर, वैशाली शर्मा, मनीष शिवहरे तथा एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्र एवं छात्राएं रहे। कार्यक्रम का संचालन विजयपाल सिंह ने किया।

म.प्र.जन अभियान परिषद पोरसा
समाज सेवा समिति,
आपका हार्दिक स्वागत वंदन
करती है

केन्द्रीय पुस्तकालय देखने पहुँचा बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का दल

ग्वालियर। डिजिटल पुस्तकालय की बारीकियाँ सीखने के उद्देश्य से बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी के पुस्तकालय विज्ञान विभाग के 40 विद्यार्थियों ने सोमवार को महाराज बाड़ा स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी (केन्द्रीय पुस्तकालय) का भ्रमण किया। इन विद्यार्थियों ने केन्द्रीय पुस्तकालयों में उपलब्ध डिजिटल सेवाओं और पुस्तकों से जुड़ी जानकारी विस्तारपूर्वक समझी।

केन्द्रीय पुस्तकालय के प्रबंधक विवेक कुमार सोनी ने डिजिटल सेवाओं सहित पुस्तकालय में किताबें रखने की बारीकियाँ बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को समझाईं। पुस्तकालय का जीवन में क्या महत्व है और उसे कैसे उपयोगी बनाया जा सकता है, इस सब के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय ग्रंथपाल राकेश कुमार शर्मा, ग्रंथपाल श्रीमती पूजा साहू एवं पुस्तकालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। भ्रमण कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के गायन के साथ हुआ।

OCTOBER 2024
राधे-राधे
LION SUNIL ARORA PMJF
DISTRICT GOVERNOR

लायंस इंटरनेशनल का अनमोल खुशियां सेवा सप्ताह कल से

ग्वालियर। लायंस इंटरनेशनल जिला 3233ई 1 द्वारा ग्वालियर के सभी लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अनमोल खुशियां सेवा सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। इस सेवा सप्ताह में विश्व शांति रैली, वरिष्ठजनों का सम्मान, पोस्टर प्रतियोगिता, कैंसर जांच एवं मधुमेह जांच, शिविर ट्रैफिक्र पुलिस कर्मियों का सम्मान और प्रभुजनों को भोजन वितरण की खास विशेषताएं रहेंगी। यह जानकारी पत्रकारों को सोमवार को लायंस क्लब इंटरनेशनल के 3233ई1 के प्रांतपाल लायन सुनील अरोड़ा एवं लायन जीएल भोजवानी ने दी। पत्रकारवार्ता में लायन राका पाठक, लायन प्रमोद पहाड़िया, लायन अलोपी बंसल, रीजनल चेयरपर्सन लायन मीनाक्षी गोयल, लायन अनुपम तिवारी, लायन एसके पचनंदा, लायंस श्रेयांश जैन, लायन रानी अग्रवाल, लायन अजय चोपड़ा और एडीजी लायन एसके जैन उपस्थित थे।

असंभव संभव करने की ठानिये
कुंडली में केतु की शक्ति पहचानिए
केतु जिस भाग में होगा उस भाव के जो भी कर्म होंगे होंगे उन कर्मों के लिए केतु पूर्व जन्मो की संपूर्ण ताकत दे देगा जैसे कुछ लोगों ने इस दुनिया में ऐसे कर किए हैं जिनको देखकर लगता है शायद यह असंभव ही था। स्वामी विवेकानंद जी इनका ज्ञान बुद्धि कल्पना से परे उनके पंचम भाव में केतु महानायक अमिताभ बच्चन की लग्न में केतु जिन्होंने अपने व्यक्तित्व से इतिहास लिखा आपका केतु किस भाव में है उसे भाव के कर्मों को करना चालू कर दीजिए जीवन बदलेगा ही
केतु
पंडित
आशीष तिवारी

बदमाशों ने छोटे दरोगा को पीट पीट कर किया अधमरा, चलाई गोली

ग्वालियर। बेखौफ आधा दर्जन बदमाशों ने एक दरोगा पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले दरोगा को लोहे की रोड और बेट से सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर पीटा और जब आसपास के लोग दरोगा को बचाने आये तो बदमाशों ने कटटा निकालकर जान से मारने के लिए उन पर गोली चला दी। गोली दरोगा की कमर को छूते हुये निकल गई। घटना ग्वालियर थाना क्षेत्र के कोटेश्वर कॉलोनी स्थित गैस गोदाम के पीछे दरगाह के पास की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इससे पहले ही आरोपी भाग निकले। पुलिस ने घायल दरोगा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश में उनके घरों पर दबिश दी, लेकिन बदमाश फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में उनके संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है।

ग्वालियर थाना क्षेत्र के कोटेश्वर कॉलोनी निवासी 38 वर्षीय बृजेश यादव पुत्र राधेश्याम यादव पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक हैं और अभी उनकी पदस्थापना शिवपुरी में हैं। यहां पर उनका परिवार रहता हैं। बीते रोज वह मंदिर दर्शन करने गए थे और यहां पर उन्हें चेतन पाण्डेय, प्रियांशू दुबे, सत्यम दुबे और उनके साथियों ने रोक लिया और उनसे गाली गलौज करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उनकी मारपीट कर दी और धारदार लोहे की छड़ से उनके सिर पर वार कर दिया तो सिर से खून का फव्वारा फूट पड़ा। इसके बाद बदमाशों ने बेसबॉल के बैट से उनकी बेरहमी से मारपीट कर दी। दरोगा की मारपीट होते देखकर कुछ लोगों ने बीच बचाव कराने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन्हें भी धमकी दी। इसके बाद बदमाशों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से कट्टे से गोली मारी, जो उनके कमर के पास से होते हुए निकल गई। इसके बाद बदमाश बृजेश को अधमरा छोड़कर भाग निकले। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाकर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के घरों पर दबिश दी, लेकिन वह अपने घरों से फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो घायल के परिजनों ने बताया कि इससे पहले सुबह आरोपी प्रियांशू दुबे की मां हेमलता ने धमकी दी थी कि शाम तक उन्हें जान से हाथ धोना पड़ेगा। सुबह दी धमकी को शाम को उसके बेटे और साथियों ने पूरा कर दिया। विवाद की शुरूआत कुछ माह पहले हुई थी, जिसमें आरोपियों ने दरोगा पर गोलियां चलाई थी, इस मामले में भी आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज हुआ था और संभवतः इसी के चलते दोबारा दरोगा पर हमला हुआ है। जिस तरह बेखौफ बदमाशों ने दरोगा को पीट-पीटकर अधमरा किया है, उससे आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है।

निगम अधिकारियों ने की ट्रेड लाइसेंसों की जांच

ग्वालियर। नगर निगम सीमा में व्यापार करने वाले व्यापारियों के लिये ट्रेड लाइसेंस बनबाना आवश्यक है और इसके लिये निगम के अधिकारियों ने अभियान चलाकर व्यापारियों के ट्रेड लाइसेंस बनबाना प्रारंभ कर दिया है।

नोडल अधिकारी राजस्व केशव चौहान ने बताया कि सोमवार को उपायुक्त सुनील सिंह चौहान के निर्देशन में क्षेत्रीय राजस्व टीसी के साथ निगम कर्मियों को रेलवे स्टेशन से गोले का मंदिर होते हुए धर्मवीर पेट्रोल पंप, पिंटू पार्क तिराहा तक पेट्रोल पंप, मार्बल शोरूम एवं विभिन्न संस्थानों को ट्रेड लाइसेंस बनवाने के लिए दस्तावेज तीन दिवस में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही गत दिवस ट्रेड लायसेंस बनवाने के लिए जिन व्यापारियों को नोटिस दिया था उनमें से मान शोरूम डीडी मॉल, डीबी मॉल तथा वैश्य एंड मुखर्जी पेट्रोल पंप पड़ाव द्वारा आवेदन एवं दस्तावेज जमा कराये गए।

टी-20 मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में दिखा उत्साह

ग्वालियर। भारत और बांग्लादेश के बीच शुरू होने वाली टी-20 सीरीज का आगाज ग्वालियर से होगा। लंबे समय बाद ग्वालियर में हो रहे इंटरनेशनल टी-20 मैच को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह है। लेकि मैच के टिकट फटाफट बिकने से क्रिकेट प्रेमी मायूस हैं कि वह अपने चहेते खिलाडियों को नजदीक से नहीं देख पाएंगे। दरअसल मैच की आयोजक संस्था मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने पिछले शुक्रवार को ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग शुरू की थी, मात्र पांच घंटे में ही सभी टिकट दर्शकों ने खरीद लिए थे। अब सिर्फ छह हजार टिकट वीआईपी और अन्य वीवीआईपी के लिए रिजर्व रखे गए हैं।

ग्वालियर में नवनिर्मित माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में पहला इंटरनेशनल मैच 6 अक्टूबर को भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। यह फटाफट क्रिकेट यानी टी-20 मैच होगा। इस मैच के टिकट आनलाइन बेचे गये और पिछले शुक्रवार को ऑनलाइन टिकट बुकिंग में दर्शकों का भारी उत्साह देखने को मिला था। अभी तक बिके टिकटों को खरीदने में युवा वर्ग ने विशेष दिलचस्पी दिखाई थी। मैच की तैयारियों को लेकर स्टेडियम का संचालन करने वाली स्थानीय संस्था जीडीसीए के पदाधिकारी जी जान से जुटी है। मैच के चार दिन पहले 2 अक्टूबर को भारत व बांग्लादेश की दोनों टीमें ग्वालियर आ जाएंगी। जिसमें बांग्लादेश की टीम को होटल रेडीसन तथा भारत की टीम को ऊषा किरण पैलेस में ठहराया जाएगा। पिछले सप्ताह बारिश का पानी स्टेडियम के पवेलियन में घुसने से थोड़ी सी चिंता आयोजकों को हुई थी, लेकिन लगातार सुधार के बाद अब स्थिति में सुधार देखने को मिल रहा है। वहीं सोमवार को खिली धूप के बाद आयोजक संस्था के पदाधिकारियों के साथ ही खेल प्रेमियों के चेहरे खिल गए हैं। स्टेडियम के पानी को निकालने के साथ ही उसे सुखाने में नगर निगम की कई टीमें लगातार लगी हुई हैं। जिससे मैच का आयोजन हो सकें।

आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिये संजीवनी बन गया है सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल

- जटिल गैस्ट्रो सर्जरी कराई और स्वस्थ होकर घर लौटे रामचरण

ग्वालियर। जटिलतम सर्जरी से लेकर विभिन्न गंभीर बीमारियों के इलाज की विशेषज्ञता युक्त सुविधा ग्वालियर के शासकीय गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में उपलब्ध है। प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की कड़ी में जेएएच समूह परिसर में सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का निर्माण कराया गया है। इस अस्पताल ने टीकमगढ़ जिले के निवासी रामचरण को नया जीवन दिया है।

जीआर मेडीकल कॉलेज की सुपर स्पेशिलिटी विंग में देश के प्रतिष्ठित अस्पतालों की तरह गैस्ट्रो सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी (बच्चों की सर्जरी), नेफ्रोलॉजी व डायलेसिस यानि किडनी का इलाज तथा यूरोलॉजी की सुपर स्पेशिलिटी इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इतना ही नहीं अब यहाँ पाचन तंत्र से संबंधित बीमारियों का भी इलाज विशेषज्ञता के साथ किया जाता है। सुपर स्पेशिलिटी के गैस्ट्रो सर्जरी विभाग के प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में हाल ही में टीकमगढ़ जिले के निवासी 48 वर्षीय रामचरण की ऐसी जटिल सर्जरी की गई है, जो देश के बड़े अस्पतालो में ही संभव है। उन्होंने बताया कि रामचरण पेरिएम्पुलरी कैंसर से पीड़ित थे और इलाज की उम्मीद लेकर सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में आए थे। बीमारी की गंभीरता को ध्यान में रखकर उन्हें सुपर स्पेशिलिटी में भर्ती किया गया। आवश्यक जाँच के बाद रामचरण की सर्जरी की गई। लगभग आठ घंटे तक उनकी जटिल सर्जरी (व्हिपल्स ऑपरेशन) चली। यह सर्जरी पूर्णतरू सफल रही। अस्पताल में लगभग 20 दिन इलाज कराने के बाद वह पूर्णतरू स्वस्थ हो गए।

घर जाते समय रामचरण बोले कि हमारे परिजन भी मेरे जीवन की उम्ममीद छोड़ चुके थे। कई जगह इलाज कराया पर फायदा नहीं मिला। इलाज में जमा पूँजी भी जाती रही। ऐसे में प्रदेश सरकार द्वारा खोला गया सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल मेरे लिये संजीवनी बन गया। यहाँ के चिकित्सक हमारे लिये भगवान बन गए। उन्होंने सफल ऑपरेशन कर मुझे नया जीवन दिया है। गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय, ग्वालियर अधिष्ठाता डॉ. आर.के.एस. धाकड़ का कहना है कि सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हैं। सुपर स्पेशिलिटी में आयुष्मान कार्ड धारकों का संपूर्ण इलाज निःशुल्क किया जा रहा है। साथ ही सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में मरीजों की सुविधा के लिए सायंकालीन सशुल्क ओपीडी भी सतत रूप से चलती है।

युवक को गोली मारने वाले दो बदमाश पकड़े

- एक दतिया और दूसरा महलगांव में मिला पुलिस को

ग्वालियर। युवक को बातचीत के लिए बुलाकर गोली मारने वाले दो बदमाशों को पड़ाव थाना पुलिस ने दतिया और महलगांव से पकड़ा है। जबकि वारदात में शामिल अभी एक आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस की गिरफ्त में आयेएक बदमाश के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और पुलिस पूछताछ कर उनके साथी की जानकारी जुटा रही है, जिससे उसे भी गिरफ्तार किया जा सके। थाना प्रभारी पड़ाव संतोष सिंह भदौरिया ने बताया कि 18 सितम्बर की रात करीब साढ़े आठ बजे एक युवक को तीन बदमाशों ने गोली मार दी थी। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया। घायल युवक की पहचान दतिया निवासी शिवम के रूप में हुई थी। पुलिस ने शिवम की शिकायत पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में दबिश दी तो आरोपी अपने घरों से फरार मिले। पुलिस जांच में पता चला कि शिवम को गोली मानवेन्द्र सिंह पुत्र प्रेमनारायण निवासी दतिया, अजय चौहान पुत्र कप्तान सिंह चौहान और हृदेश पाण्डे ने मारी थीं। पूछताछ में घायल ने बताया कि आरोपियों ने उसे बातचीत करने के लिए बैजा ताल बुलाया था और उससे विवाद के बाद फायरिंग की थी। जिसमें एक गोली उसको लगी थी। आरोपियों को पकडने के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। बीते रोज पुलिस को सूचना मिली थी कि अजय दतिया में है और इसका पता चलते ही पुलिस ने दबिश दी और अजय चौहान को दबोच लिया और उससे पूछताछ के बाद महलगांव में एक फ्लैट में छिपे मानवेन्द्र को भी पुलिस ने दबोच लिया है। अब पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर पता लगा रही है कि उनका तीसरा साथी कहा पर छिपा हुआ है।

सड़क हादसे में छात्र की मौत, साथी घायल

ग्वालियर। तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए बाइक सवार दो छात्रों को टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के सूरज सुंदरम गार्डन के पास घटा। हादसे की पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छात्रों को उठाकर अस्पताल भिजवाया। जहां एक छात्र की मौत हो गई। हादसे का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात कार चालक के खिलाफमामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

अंबाह निवासी 24 वर्षीय अभिषेक तोमर की सड़क हादसे में मौत हो गई। अभिषेक के बारे में बताया गया है ि कवह अभी कुंज विहार फेस टू में रह रहा था। बीते रोज वह अपने दोस्त अतुल रोटले के साथ किसी काम से बहोड़ापुर आया था और काम खत्मकर वह वापस कुंज विहार जा रहा था। अभी वह सूरज सुंदरम गार्डन के पास पहुंचे थे कि तभी तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अभिषेक और अतुल घायल हो गए। हादसे का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां पर अभिषेक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफमामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

आदित्य फार्मेसी का ड्रग लायसेंस निरस्त

ग्वालियर। शताब्दीपुरम में संचालित आदित्य फार्मेसी का ड्रग लायसेंस निरस्त कर दिया गया है। जिला औषधि निरीक्षक द्वारा किए गए निरीक्षण में यह फार्मेसी नियमों का उल्लंघन कर संचालित पाई गई। औषधि अनुज्ञापन अधिकारी एवं जिला औषधि निरीक्षक सुश्री अनुभूति शर्मा ने बताया कि आदित्य फार्मेसी में कार्यरत रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट प्रदीप शर्मा द्वारा लगभग डेढ़ माह पूर्व इस फार्मेसी का कार्य छोड़ दिया था। इसकी लिखित सूचना खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के कार्यालय को प्राप्त हुई थी। इस सूचना के आधार पर आदित्य फार्मेसी के संचालक श्री अंशू भदौरिया को पत्र जारी कर फार्मासिस्ट बदलने का पूरा अवसर दिया गया। इस फार्मेसी से कोई जवाब प्राप्त न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और उसका भी जवाब कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ और न ही दुकान संचालक द्वारा नए फार्मासिस्ट की नियुक्ति की गई। यह अनियमितता बरतने पर इस फार्मेसी का ड्रग लायसेंस औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। दुकान संचालक द्वारा इस ड्रग लायसेंस का इस्तेमाल कर अब किसी भी प्रकार की दवाओं का क्रय-विक्रय अथवा दुकान का संचालन पूर्णतरू अवैधानिक माना जायेगा। साथ ही ऐसा करने पर दुकान संचालक के खिलाफन्यायालयीन कार्रवाई की जायेगी।

रामचरितमानस की धरोहर को समर्पित तुलसी महोत्सव 25 से

ग्वालियर। माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान-सम विश्वविद्यालय, ग्वालियर. में 25 से 27 अक्टूबर को आयोजित होने जा रहा है। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मौर्य ने बताया कि तुलसी महोत्सव जो कि गोस्वामी तुलसीदास जी और उनकी अमर कृति रामचरितमानस की अमूल्य धरोहर को समर्पित है। संस्कृति एवं साहित्य को समर्पित ये महोत्सव विभिन्न प्रतियोगिताओं व गतिविधियों के माध्यम से युवाओ को संस्कृति से जोड़ेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 25 अक्टूबर को महामंडलेश्वर रामदास महाराज, महंत दंदरौआ धाम के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर के विभिन्न संस्थानों के छात्र सहभागिता करेंगे। डप्जै हिंदी समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने बताया की महोत्सव के प्रथम दिवस पर शुभारम्भ के साथ 121 तुलसी के पौधे भी रोपे जाएंगे साथ ही विश्वविद्यालय में दीपोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा जिसमे 2100 दियो से परिसर जगमग होगा। इस आयोजन में पद्मश्री सम्मानित डॉ. कपिल तिवारी एवं पूर्व आईएएस व लेखक मनोज श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। साथ ही विद्यार्थियों को हमारे शास्त्रों के महत्व से परिचित कराने के लिए प्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता आचार्य पुंडरीक गोस्वामी महाराज भी इस कार्यक्रम में पधारेंगे। 25 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमे प्रसिद्ध कवि व शायर अजहर इकबाल (दिल्ली),डॉ. करुणा सक्सेना (ग्वालियर), शिवांगी प्रेरणा शर्मा (भोपाल), धर्मवीर धरम (दिल्ली), प्रदीप तिवारी (अमेठी), अभिसार शुक्ल(लखनऊ), प्रतीक चौहान(भिण्ड) सहित अन्य कवि अपनी प्रस्तुति देंगे।

अग्रवाल महासभा के गरबा डांडिया की धूम

ग्वालियर। श्री अग्रवाल महासभा द्वारा किडीज कार्नर स्कूल नया बाजार में गरबा डांडिया का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। जिसमें लगभग 135 महिला और युवतियां माता की आरती सहित अन्य गीत संगीत पर कदम से कदम मिलाकर गरबा डांडिया का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। अग्रवाल महासभा द्वारा 7 एवं 8 अक्टूबर को जीवाजी क्लब में भव्य अग्रसेन मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 7 अक्टूबर को विशिष्ट परिधान में गरबा डांडिया की अद्भुत प्रस्तुति दी जाएगी। मेला संयोजक पूजा अग्रवाल ने बताया कि यहां दो टीमें गरबा डांडिया का प्रशिक्षण ले रही हैं जिसमें नुपुर गोयल, मीनू अग्रवाल, पिंकी मंगल के संयोजककत्व में अमित उपाध्याय एवं विनिता पंजवानी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अग्रवाल एकता संगिनी की महिलाएं इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। रविवार को गरबा डांडिया सीख रही अग्रवाल समाज की महिलाओं का हौसला बढ़ाने श्री अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अशोक गोयल, महामंत्री नरेंद्र सिंहल, मेला संयोजक राकेश अग्रवाल एवं रवि गर्ग भी पहुंचे।

सेवानिवृत्त कर्मचारी अब पूरे मन से परिवार को समय दें: महापौर डॉ सिकरवार

ग्वालियर। आज निगम सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारी स्वस्थ्य रहें तथा उनका भविष्य उज्जवल। उन्होंने जिस प्रकार निगम की सेवा पूरे मन से की है उसी प्रकार अब पूरे मन से परिवार को समय दें। सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने आपको व्यस्त रखे जिससे उनका मन और तन दोनों स्वस्थ रहेंगे। यह बात महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने सोमवार को सेवानिवृत कर्मचारियों के विदाई समारोह के अवसर पर कहीं।

समारोह में सभापति मनोज सिंह तोमर ने कहा कि सेवा निवृत हो रहे अधिकारी व कर्मचारी हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इनके अनुभव का लाभ हम निरंतर लेते रहेगें। नेता प्रतिपक्ष हरिपाल ने सभी सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को बधाई शुभकामनाएं दी। सोमवार को निगम सेवा से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में जनकार्य से जगमोहन सिंह सिकरवार, स्वास्थ्य विभाग से किशन पुत्र ललैहि, भगवानदास पुत्र लालराम एवं विनियमित दत्तात्रेय मजूमदार आदि शामिल हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा कर्मचारियों के पीएफ की राशि बैंक खाते में पहुँचाई गई। इस अवसर पर उपनेता प्रतिपक्ष रवि तोमर, लेखा समिति के अध्यक्ष अनिल सांखला, विधायक प्रतिनिधि कृष्णराव दीक्षित, पार्षद सोनू विवेक त्रिपाठी, अंकित कटठल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव बृजेश श्रीवास्तव ने किया।

अग्रसेन जयंती पर प्रभात फेरी और भव्य चल समारोह निकलेगा

ग्वालियर। अग्रवाल नवयुवक संघ लश्कर द्वारा तीन अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। तीन अक्टूबर की सुबह प्रभात फेरी और सायंकाल महाराजा अग्रसेन के छाया चित्र का विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। इसके साथ ही चार एवं पांच अक्टूबर को अग्रसेन पार्क दौलतगंज पर महिला एवं बच्चों की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं होंगी। यह जानकारी पत्रकारों से चर्चा करते हुए संघ के अध्यक्ष सुनील गर्ग बबलू एवं स्वागत अध्यक्ष अजय गोयल ने दी।

हार्दिक स्वागत करता है

संघ के महामंत्री मनोज सरावगी, कोषाध्यक्ष पवन गर्ग, मीडिया प्रभारी राजीव अग्रवाल एवं राजीव वैश्य ने पत्रकारों को बताया कि विशाल चल समारोह अग्रसेन पार्क दौलतगंज से शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। महालक्ष्मी की झांकी और महाराजा अग्रसेन के रथ के आगे दो मशहूर बैंड एवं ढोल पार्टी धुनें बिखेरते हुए चलेंगे। शोभा यात्रा महाराज बाड़ा, सराफा बाजार, गश्त का ताजिया, राम मंदिर, पुराना हाईकोर्ट मार्ग, दाल बाजार, लोहिया बाजार, पाटनकर बाजार होते हुए वापस अग्रसेन उद्यान पहुंचेगा। जहां महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन होगा । चल समारोह का स्थान स्थान पर भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पहले तीन अक्टूबर को सुबह छह बजे महाराज अग्रसेन के केसरिया ध्वज के साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी। जो अग्रसेन पार्क से शुरू होकर महाराज बाड़ा, सराफा बाजार, राममंदिर, पाटणकर बाजार होते हुए वापस अग्रसेन पार्क पर आएगी। चल समारोह के संयोजक मनोज गोयल, संजीव अग्रवाल कुक्कू एवं राजकुमार बिंदल ने बताया कि सायं चार बजे अग्रसेन पार्क दौलतगंज पर 51 दीपों से महाआरती की जाएगी। उन्होंने बताया कि चल समारोह के साथ समाज की महिलाएं गरबा डांडिया करती हुई साथ चलेंगी। इनमें सबसे पहले आने वाली ग्यारह और अच्छे से सज संवरकर आने वाली तीन महिलाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं चार अक्टूबर को अग्रसेन पार्क पर दोपहर तीन बजे से मेहंदी, चित्रकला एवं नृत्य प्रतियोगिता होंगी। अगले दिन पांच अक्टूबर को फैंसी ड्रेस,एक मिनट और अग्रसेन तंबौला का आयोजन किया जाएगा।

पिता का देहांत होने पर गये दरोगा के घर चोरों ने लगाई सेंध

ग्वालियर। पिता का देहांत होने पर उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने गए दरोगा के सूने घर के ताले चटकाकर चोर नगदी-गहने सहित अन्य कीमती सामान पार कर ले गए। घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र के न्यू सुरेश नगर स्थित जीडीए ड्यूप्लेक्श के पास की है। घटना का पता उस समय चला जब पड़ोसी ने उनके घर के ताले टूटे देखे तो उन्हें सूचना दी। सूचना मिलते ही वह वापस आए और थाने में शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। थाटीपुर थाना क्षेत्र के न्यू सुरेश नगर स्थित जीडीए ड्यूप्लेक्श के पास रहने वाले राकेश सिंह पुलिस में सहायक उपनिरीक्षक है और अभी मुरैना के देवरी थाने में पदस्थ है। यहां पर उनका परिवार रहता है। दो दिन पहले उनके पिता की तबियत खराब हुई तो वह पिता का उपचार कराने के लिए अस्पताल गए थे, जहां पर उपचार के दौरान उनका देहांत हो गया। पिता का देहांत होने पर वह उनके अंतिम संस्कार के लिए छोटे भाई प्रहलाद के घर खुरैरी ले गए थे और वहीं पर रूके थे। सूना घर देखकर चोरों ने धावा बोला और अलमारी में रखे सोने व चांदी के जेवरों के साथ नगदी व अन्य कीमती माल पर हाथ साफकर गए। घटना का पता सुबह चला जब पड़ोसियों ने उनके घर के ताले टूटे तो सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। चोर यहां से करीब तीन तोला सोने और आधा किलो चांदी के साथ ही नगदी पार कर ले गए। पीडित ने पुलिस को बताया कि चोर उनके घर से दो मंगलसूत्र जिसमें छह पेण्डल, 36 मोती थे, एक जोड़ी कानों के टॉप्स, एक मंचली जिसमें पांच पेण्डल और 12 मोती, छह अंगूठी, एक चेन, एक सुई धागा, एक चांदी की करधौनी, चार जोड़ी पायल, चार जोड़ी तोडियां, एक ओम और दो जोडी चांदी की चूडियों के साथ ही एक अपाचे बाइक चोरी कर ले गए है। चोरों का पता लगाने के लिए पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए है, कुछ स्थानों पर चोरों के फुटेज भी पुलिस को मिले है, जिनके आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

वन मंडल ग्वालियर को दो कार्यवाहक, 34 वन मंडल अधिकारी मिले

- अब सोलंकी होंगे ग्वालियर एसडीओ व वीरेन सोनचिरैया अधीक्षक

ग्वालियर। मध्यप्रदेश शासन वन विभाग ने सोमवार को राज्यपाल के आदेशानुसार 29 वनक्षेत्रपालों को आगामी आदेश तक प्रभारी सहायक वन संरक्षक के उच्च पद पर कार्यवाहक प्रभार देते हुये नई पदस्थापना की है। इस नई पदस्थापना के बाद मध्यप्रदेश के 29 सहायक वन संरक्षक के पद भर जाएंगे। इसके साथ ही ग्वालियर वन मंडल के रिक्त सोनचिरैया अभ्यारण अधीक्षक व ग्वालियर उपवन मंडल अधिकारी का पद भर जायेगा। यहां बता दें कि ग्वालियर में यह उक्त दोनों पद 10 माह से भी अधिक समय से खाली पड़े थे। सोमवार को वन विभाग उपसचिव किशोर कुमार कन्याल ने वन परिक्षेत्र अधिकारियों को एसडीओ के पद पर कार्यवाहक प्रभार की जिम्मेदारी सौंपते हुये स्थानांतरण किये है। सागर वन वृत्त में पदस्थ रेंजर बीएन सोलंकी को ग्वालियर उपवन मंडल अधिकारी के पद पर पदस्थापना की है। जबकि भोपाल वन मंडल में पदस्थ वीरेन कुमार को सोनचिरैया अभ्यारण्य घाटीगांव अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही ग्वालियर वन वृत्त के अंतर्गत मुरैना वन मंडल में रिक्त एसडीओ के पद पर रेंजर मधु सिंह सिसौदिया को कार्यवाहक उपवन मंडल अधिकारी बनाकर भेजा है।

गणेश पूजन एवं खाटूश्याम के जागरण के साथ रामलीला का हुआ शुभारंभ

ग्वालियर। श्रीरामलीला समारोह समिति द्वारा भगवान श्री गणेश का पूजन कर श्रीरामलीला का शुभारंभ मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं श्रीरामलीला समारोह समिति के तत्वावधान में सोमवार की सायं श्री खाटूश्याम का जागरण रामलीला मैदान में किया गया। खाटूश्याम कार्यक्रम के संयोजक हर्षिद गुप्ता, रामनारायण मिश्रा, गुड्डू वारसी ने बताया कि श्रीरामलीला मैदान (फूलबाग प्रांगण) में कोलकाता से पधारे संजय मित्तलएवं दिल्ली से पधारे शीतल पाण्डे द्वारा श्री खाटूश्याम के भजन गाकर जागरण किया गया। फूलबाग मैदान में हजारों की संख्या में श्री खाटूश्याम के जागरण हेतु भक्तजन एकत्रित हुए। सर्वप्रथम संजय मित्तल द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए जिसका की हजारों भक्तों ने आनंद उठाया। मध्यरात्रि में दिल्ली के शीतल पाण्डे द्वारा भजन प्रस्तुत किया तो हजारों भक्तजन नृत्य कर और श्रीखाटूश्याम की जयजय कार करते हुए झूम उठे। जागकरण के समापन के बाद श्यामजी द्वारा प्रसादी का वितरण किया। इस दौरान फूलबाग मैदान में विशेष लाइट सज्जा की गई थी। इस मौके पर विष्णु गर्ग, राधेश्याम भाकर, सत्यकुमार मिश्रा, विजय गोयल, पूर्व विद्यायक रमेश अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, सुरेन्द्र शर्मा (सरपंच) उपस्थित थे। वहीं आज मंगलवार 1 अक्टूबर को श्रीरामलीला के मंच पर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ पंडित अंकित शर्मा व उनके साथियों द्वारा किया जाएगा।

संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का जल सत्याग्रह कल

ग्वालियर। संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग के अधीन विभिन्न शासकीय अस्पतालों में विगत कई वर्षो से पूर्ण ईमानदारी निष्ठा के साथ सेवाएं दे रहे 12 हजार से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलकर सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे श्यामला हिल्स शीतल दास की बगिया घाट पर जल सत्याग्रह किया जाएगा।

एनएचएम सविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा अपनी मांगों के सर्मथन में शासन स्तर पर कई बार मंत्रियों एवं विधायकों एवं वरिष्ठ अधिकारीयों से निवेदन कर चुके है लेकिन आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए शासन द्वारा कोई नीति नहीं बनाई गई ओर मांगों पर कोई भी विचार नहीं किया जा रहा है इसलिए शासन प्रशासन की दोहरी नीति खिलाफ ध्यान आकष्ट करने हेतु समस्त आउटसोर्स कर्मचारी 2 अक्टूबर को शीतल दास की बगिया श्यामला हिल्स भोपाल में समय सुबह 11 बजे जलसत्याग्रह करेंगे। उसके बाद नीलम पार्क में एकत्रित होकर शासन प्रशासन की गलत नीतियों खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। जिसमें प्रदेश के हजारों आउटसोर्स कर्मचारी शामिल होंगे।

संपादकीय

मोहम्मद मुइज्जू ने भारत को लेकर बदला रुख, पहले चीन के प्रति था झुकाव

चूंकि मुइज्जू को चीन के प्रति झुकाव रखने वाला माना जाता रहा है, इसलिए उनका भारत के प्रति ऐसा आग्रह रखने को एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया के तौर पर देखा गया। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने जिस तरह अब भारत के प्रति अपना नरम रुख जाहिर किया है, वह दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों और अन्य हितों के लिहाज से बेहतर है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल होने अमेरिका पहुंचे मुइज्जू ने प्रिंसटन विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हम किसी भी समय, किसी भी देश के खिलाफ कभी नहीं रहे। यह भारत को बाहर करना नहीं था। उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई का भी हवाला दिया। उनका यह भी कहना था कि दरअसल, मालदीव के लोगों को विदेशी सेना की उपस्थिति से गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस मसले पर मालदीव में लोगों की राय के अपने आधार हो सकते हैं, लेकिन क्या यह मुद्दा भारत के खिलाफ धारणा बनाने और जनता को अपने पक्ष में लाने का जरिया बनाने का वाजिब कारण हो सकता है? ज्यादा वक्त नहीं बीता है, जब पिछले वर्ष मालदीव में हुए चुनाव में मुइज्जू ने अपने पक्ष में जनसमर्थन जुटाने के लिए 'इंडिया आउट' यानी 'भारत बाहर जाओ' का नारा दिया था और जीत भी हासिल की थी। यही नहीं, राष्ट्रपति बनते ही मुइज्जू ने सबसे पहले भारत सरकार से मालदीव में मौजूद अपने सैनिकों को हटाने के लिए भी कहा था।

चूंकि उन्हें चीन के प्रति झुकाव रखने वाला माना जाता रहा है, इसलिए उनका भारत के प्रति ऐसा आग्रह रखने को एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया के तौर पर देखा गया। मगर भू-राजनीति के इस दौर में वैश्विक कूटनीति में कब कैसा समीकरण तैयार हो जाए, शक्तियों का केंद्र बदल जाए, कहा नहीं सकता। ऐसे में मुइज्जू ने अगर भारत के प्रति अपने पुराने रुख पर टिके रहने के बजाय अपने तेवर में नरमी लाने की कोशिश की है, तो इसका संदेश समझा जा सकता है। मुइज्जू जल्दी ही भारत का आधिकारिक दौरा कर सकते हैं। यों भी, पर्यटन या आर्थिक हितों के लिहाज से भारत और मालदीव के बीच संतुलित संबंध रहे हैं। संभव है कि मुइज्जू के नए रुख को उनके पुराने विचारों के आईने में रख कर देखा जाए, लेकिन उनमें आया बदलाव भारत और मालदीव, दोनों के लिए ही अच्छा है।

'पापा की परी' बनने से नहीं चलेगा काम, सोचने और जीने का सीखना होगा सलीका

> मगर यह सुनते हुए लड़कियों के मन में क्या कहीं यह सवाल भी खड़ा होता है कि लड़कियों को परी क्यों कह दिया गया? क्या लड़कियां सपनों की तरह होती हैं, बस एक मासूम-सा चेहरा, जो हमेशा मुस्कुराती रहे? क्यों लड़के परी के समांतर कुछ और नहीं कहे जाते? क्यों बड़े नाज से पालते हुए लड़कियों को हर वक्त अहसास दिलाया जाता है कि वे कमजोर हैं और कोई भी उनकी कमजोरी का फायदा उठा सकता है? क्यों उनके लिबास पर तंज कसे जाते हैं और क्यों इतनी रोकटोक लगाई जाती है? ये सवाल किसी एक लड़की के नहीं होंगे, बल्कि आज इस तरह के जवाब की मांग उठ चुकी है कि क्यों अपने घर के लड़कों को समानता का पाठ नहीं पढ़ाया जाता! क्यों उन्हें नहीं समझाया जाता कि लड़की भी एक इंसान है, उसे भी हक है बेटों की तरह बराबरी से जीने काज अपनी सुविधा और इच्छा से पहनने और घूमने का।

अतीत से लेकर आज तक के तमाम उदाहरण भरे पड़े हैं, जिनमें लड़कियों ने जीवन से लेकर हर क्षेत्र के युद्ध क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। आज भी वे ऐसा कर सकती हैं, बस यह सोचने की जरूरत है कि उन्हें बचाने कोई नहीं आ रहा। उन्हें अपना भरोसा खुद ही अर्जित करना है और खुद ही अपनी ताकत बननी है। पिछले कुछ समय से आसपास कहीं गूंजता एक गीत 'पापा की परी हूं मैं' बहुत सारी लड़कियों के कान में भी गया होगा। मगर यह सुनते हुए लड़कियों के मन में क्या कहीं यह सवाल भी खड़ा होता है कि लड़कियों को परी क्यों कह दिया गया? क्या लड़कियां सपनों की तरह होती हैं, बस एक मासूम-सा चेहरा, जो हमेशा मुस्कुराती रहे? क्यों लड़के परी के समांतर कुछ और नहीं कहे जाते? क्यों बड़े नाज से पालते हुए लड़कियों को हर वक्त अहसास दिलाया जाता है कि वे कमजोर हैं और कोई भी उनकी कमजोरी का फायदा उठा सकता है? क्यों उनके लिबास पर तंज कसे जाते हैं और क्यों इतनी रोकटोक लगाई जाती है? ये सवाल किसी एक लड़की के नहीं होंगे, बल्कि आज इस तरह के जवाब की मांग उठ चुकी है कि क्यों अपने घर के लड़कों को समानता का पाठ नहीं पढ़ाया जाता! क्यों उन्हें नहीं समझाया जाता कि लड़की भी एक इंसान है, उसे भी हक है बेटों की तरह बराबरी से जीने काज अपनी सुविधा और इच्छा से पहनने और घूमने का। सोच को बदलने की जरूरत लड़के की है, जिसके नजरिए से लड़की बस कमजोर, असहाय काया जान पड़ती है। आए दिन महिलाओं के खिलाफ हो रहे जघन्य अपराध सबूत हैं इस बात के कि बदलाव बहुत जरूरी हो गया है। जरूरी है समझना कि अपराधियों की दरिंदगी महज कुछ घंटों की उपज नहीं है, बल्कि हर गली, हर मोड़ पर, घर, कार्यस्थल, स्कूल-कालेज में हर जगह जाने कितनी बार ऐसी आपराधिक मानसिकता वाले लोगों ने महिलाओं के बारे में क्या-क्या सोचा होगा, क्या राय बनाई होगी। बलात्कार तो आखिरी चरण का अपराध है, आपराधिक मानसिकता वाले लोगों के भीतर कायम महिलाओं के खिलाफ आपराधिक सोच अपराध की शुरुआती बुनियाद हैं। जब-जब बलात्कार की कोई वीभत्स घटना होती है, तब जनता साथ खड़ी होकर आंदोलन करती है। हर जगह आवाज उठाई जाती है, लेकिन कुछ दिनों बाद मामला फिर शांत हो जाता है। इससे ऐसी आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोग और ज्यादा बेलगाम हो जाते हैं। दिल्ली में एक समय 'निर्भया कांड' ने देश भर में लोगों को झकझोर दिया था। तब काफी आंदोलन हुए थे, लेकिन सुरक्षा के नाम पर आजतक शून्य मिल रहा है। आज भी आए दिन महिलाओं के खिलाफ बलात्कार से लेकर हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म दिया जा रहा है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता और महाराष्ट्र के बदलापुर की घटना लोगों के संज्ञान में आ सकीं, वरना हर रोज पता नहीं कितनी घटनाएं कैसे होती हैं और दफ्न हो जाती हैं। ऐसा नहीं है कि लड़कियां कुछ कर नहीं सकतीं। अतीत से लेकर आज तक के तमाम उदाहरण भरे पड़े हैं, जिनमें लड़कियों ने जीवन से लेकर हर क्षेत्र के युद्ध क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। आज भी वे ऐसा कर सकती हैं, बस यह सोचने की जरूरत है कि उन्हें बचाने कोई नहीं आ रहा। उन्हें अपना भरोसा खुद ही अर्जित करना है और खुद ही अपनी ताकत बननी है। आज जरूरी हो गया है कि कुछ ठोस पहलकदमी हो, जिससे न केवल अपराधों का सिलसिला थमे, बल्कि अपराधों की जड़ यानी लोगों की सोच में बदलाव हो। यह जागरूकता अभियान सिर्फ स्कूल-कालेजों के पाठ्यक्रम के मौजूदा स्वरूप तक सीमित नहीं रखा जा सकता, बल्कि उसके लिए शिक्षा के बीच से लेकर समाज के स्तर पर सामाजिक मनोवैज्ञानिक प्रशिक्षण की जरूरत है। वैसी शिक्षा जरूरी है बच्चों के माता-पिता को यह समझाने के लिए कि लड़का हो या लड़की, पालने से लेकर बच्चों के साथ बर्ताव तक के हर मामले में लैंगिक भेदभाव न पनपने दिया जाए और अपने बेटों को प्राथमिक स्तर पर महिलाओं को सम्मान देने का पाठ पढ़ाया जाए। हर बार लाचारी का ठीकरा लड़कियों के सिर फोड़ने के बजाय सबके भीतर संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के विकास के लक्ष्य से सामाजिक प्रशिक्षण की जरूरत है। इसके समांतर वैसी लड़कियों को इस स्वरूप में शिक्षा मिले, जो सोचती हैं कि हम कुछ नहीं कर सकतीं। जब लड़की अपनी जान पर खेल कर ऐसे लड़कों को जन्म दे सकती है तो वह सब कर सकती है, जो उसके अपने और स्त्री के अस्तित्व के लिए जरूरी है। सबसे पहले और सबसे ज्यादा जरूरत है अपने भीतर आत्मविश्वास जगाने की और वह सब कुछ मुमकिन करने के लिए खुद पर भरोसा करने की, जिसे करना नामुमकिन माना जाता रहा है। आज की दुनिया में लड़कियों को जैसी त्रासदी का सामना करना पड़ता है, उसमें उन्हें इस बात पर खुश नहीं होना चाहिए कि उन्हें 'पापा की परी' कह कर संबोधित किया जाता है। बल्कि अब उन्हें अपने सोचने और जीने का ऐसी सलीका सीखना होगा जिसमें अगर कोई उन्हें नुकसान पहुंचाए तो वे ततैया बन कर सामने खड़ी हो जाएं। 'परी' की तरह प्यारी दिखना ही लड़कियों के जीवन का मकसद नहीं बन जाना चाहिए, बल्कि ततैया की तरह तेज डंक मारने की क्षमता भी रखनी चाहिए, ताकि आपराधिक मानसिकता का कोई व्यक्ति उसके आसपास आने से भी डरे। दशकों से सरकारों से महिलाओं के सुरक्षित जीवन के लिए जो मांग की जाती रही, उसे सरकार ने कितना पूरा किया, यह जगजाहिर है। अब एक स्त्री को अपने लिए तो समूचे समाज को अपने घर की बेटियों, बहनों और बाकी तमाम महिलाओं के जीवन के बारे में ठोस बदलाव के लिए ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ सोचने की जरूरत है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए सख्त कानूनी व्यवस्था के समांतर अब सुरक्षित जीवन एक मकसद होना चाहिए।

एक साथ चुनाव का बेतुका विरोध

एक साथ चुनाव कराने के विरोध में तरह-तरह के तर्क गढ़ने वाली कांग्रेस यह कह रही है कि वह संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ होगा। दूसरी ओर कांग्रेस बार-बार यह तर्क दोहराती रहती है कि प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस देश में मजबूत लोकतंत्र की नींव डाली। यानी तब एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र मजबूत होता था तो आज वही काम करने से वह कमजोर कैसे हो जाएगा? संविधान निर्माताओं को इस देश के मतदाताओं के विवेक पर पूरा भरोसा था। उन्हें यह अनुभूति थी कि मतदाता राष्ट्रीय हितों के साथ ही अपने राज्य के हितों का भी ध्यान रख सकते हैं। इसीलिए संविधान में 'एक राष्ट्र और अलग-अलग चुनाव' जैसी कोई व्यवस्था नहीं की, क्योंकि एक साथ चुनाव से उन्हें संघवाद पर कोई खतरा नजर नहीं आया। कुछ समय तक एक साथ चुनाव का सिलसिला भी सुगमता से चला, लेकिन इतिहास गवाह है कि 1971 में अलग चुनाव कराने का इंदिरा गांधी का फैसला देशहित में न होकर अपने स्वार्थ से जुड़ा था। उसमें सुधार अब समय की जरूरत है। संविधान निर्माता जानते थे कि देश के मतदातागण इतने विवेकशील हैं कि वे एक ही चुनाव के समय लोकसभा के लिए एक पार्टी और उसी चुनाव में विधानसभा के लिए दूसरी पार्टी को वोट दे सकते हैं। स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व उप-प्रधानमंत्री जगजीवन राम कहा करते थे कि 'तमाम भारतीय मतदाता भले निरक्षर हैं, पर वे बेवकूफ नहीं हैं।' वर्ष 1957 के चुनाव में केंद्र में जहां कांग्रेस सरकार कायम रही, वहीं केरल में पहली बार गैर-कांग्रेसी कम्युनिस्ट सरकार बनी। यह सिलसिला समय के साथ और तेज हुआ। वर्ष 1967 आखिरी ऐसा अवसर था जब केंद्र और राज्यों के चुनाव एक साथ हुए थे। तब केरल सहित सात राज्यों के विधानसभा चुनावों में गैर-कांग्रेसी सरकारें बनीं, जिनमें से एक राज्य बिहार भी था। तब बिहार में लोकसभा की 53 सीटें थीं। उनमें से 34 सीटें यानी आधी से अधिक कांग्रेस को मिली थीं, मगर विधानसभा चुनाव में उसे बहुमत नहीं मिल सका। यानी बिहार की जनता ने लोकसभा के लिए तो कांग्रेस को वोट दिए, लेकिन विधानसभा चुनाव में गैर-कांग्रेसी सरकार चुनी। तब क्या किसी ने संघीय ढांचे के कमजोर होने का शोर मचाया था। ऐसे में, यदि एक बार फिर देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ होने लगें तो उसमें किसी को भला क्यों परेशानी होनी चाहिए, क्योंकि 1967 के बाद तो देश में साक्षरता से लेकर संचार के साधनों का काफी विस्तार हुआ है। लोगों में जागरूकता बढ़ी है। आज राजग विरोधी दल और उनके नेता यह आरोप लगा रहे हैं कि एक साथ चुनाव कराने पर केंद्र में सत्तासीन राष्ट्रीय दल और उसके शीर्ष नेता में एकाधिकारवाद की प्रवृत्ति पनपने का खतरा बढ़ेगा। वर्ष 1967 और 1971 के चुनावों के बाद के राजनीतिक विकास की जिन्हें गहरी जानकारी है, वे ऐसी बेतुकी दलील कतई नहीं देंगे। जब 1967 में लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव हुए तब इंदिरा गांधी ही प्रधानमंत्री थीं। उस चुनाव के बाद भी इंदिरा गांधी ही प्रधानमंत्री बनीं, लेकिन उनमें 1967 से 1971 तक एकाधिकारवाद की प्रवृत्ति नहीं बढ़ी थी, क्योंकि तब तक कांग्रेस पार्टी में ही एक हद तक आंतरिक लोकतंत्र कायम था। इंदिरा सरकार 1969 से 1971 तक अपने अस्तित्व के लिए दूसरे दलों पर भी निर्भर थी। यहां तक कि इंदिरा गांधी 1967 के चुनाव में पूर्व रक्षा मंत्री वीके कृष्ण मेनन तक को लोकसभा का टिकट नहीं दिलवा सकीं। जबकि वह 1962 के चुनाव में बंबई (अब मुंबई) की एक लोकसभा सीट से जीतकर आए थे। तब कांग्रेस संगठन मेनन के खिलाफ था। हालांकि 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी भारी बहुमत से जीतकर आईं तो उनमें एकाधिकारवाद की प्रवृत्ति काफी बढ़ गई। यह प्रवृत्ति इतनी बढ़ी कि सक्रिय राजनीति से संन्यास ले चुके जयप्रकाश नारायण को भी लग गया कि यह देशहित में नहीं है। उन्होंने इंदिरा गांधी के एकाधिकारवाद पर एक लंबा लेख लिख दिया। उसी लेख के कारण जेपी से प्रधानमंत्री कुपित रहने लगीं। यह जेपी आंदोलन के शुरू होने से पहले की बात है। इसी पृष्ठभूमि में किसी कार्य से जेपी ने पटना से दिल्ली पहुंचकर जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से मिलने की कोशिश की तो श्रीमती गांधी ने उन्हें कहलवा दिया कि वह सूचना एवं प्रसारण मंत्री इंद्र कुमार गुजराल से मुलाकात कर लें। जेपी गुजराल से मिले बिना पटना लौट गए। अब जो प्रतिपक्षी दल यह आरोप लगा रहे हैं कि एक साथ चुनाव से प्रधानमंत्री में एकाधिकार की प्रवृत्ति बढ़ेगी, तो वे 1971 के सत्ताधारी दल और आज के सत्ताधारी दल की बनावट एवं प्रवृत्ति में अंतर नहीं देख पा रहे हैं। फिर यदि ऐसी कोई प्रवृत्ति उभरती भी है तो मतदाता उसका जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। एक साथ चुनाव कराने के विरोध में तरह-तरह के तर्क गढ़ने वाली कांग्रेस यह कह रही है कि वह संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ होगा। दूसरी ओर वही कांग्रेस बार-बार यह तर्क दोहराती रहती है कि प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस देश में मजबूत लोकतंत्र की नींव डाली। यानी तब एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र मजबूत होता था, तो आज वही काम करने से वह कमजोर कैसे हो जाएगा? जबकि तब की अपेक्षा आज के भारतीय मतदाता अधिक जागरूक हैं। कांग्रेस के साथ दिक्कत यह है कि फिर से एक साथ चुनाव की व्यवस्था से इंदिरा गांधी के उस विवादास्पद फैसले के औचित्य पर प्रश्न चिह्न लग जाएगा, जिसके तहत उन्होंने 1971 में अलग से लोकसभा का चुनाव कराया था, जिसके पीछे उनका निजी स्वार्थ था। उनकी सरकार सीपीआइ और डीएमके जैसे दलों के सहारे आराम से चल रही थी। उस पर कोई खतरा नहीं था, लेकिन वह इन दलों के दबाव से जल्द मुक्त होना चाहती थीं। सीपीआइ आदि के दबाव के कारण वह न तो खुद एकाधिकारवादी बन पा रही थीं न ही अपने पुत्र संजय गांधी के लिए कार संयंत्र की स्थापना करवा पा रही थीं। संजय गांधी ने लंदन के एक कार कारखाने में कुछ समय तक प्रशिक्षण भी लिया था।

संजय की बड़ी इच्छा थी कि वह भारत में कारखाने की स्थापना करें। संजय ने अपने नाना के सिरहाने से हेनरी फोर्ड की किताब निकाल कर पढ़ी थी, जिससे उन्हें इसके लिए प्रेरणा मिली थी। इस बीच 1969 में कांग्रेस के महाविभाजन के बाद इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का लुभावना नारा गढ़ने के साथ ही कुछ लोकलुभावन काम भी किए। 1971 के चुनाव में जीत के बाद इंदिरा गांधी गरीबी हटाने का अपना वादा तो भूल गईं, लेकिन अपने पुत्र संजय के कारखाने का सपना जरूर पूरा किया। उसके मूल में अलग-अलग चुनाव कराने की जो एक विसंगति आरंभ हुई, उसे दूर करना मौजूदा सरकार का दायित्व है।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं।)

हमास और हिजबुल्ला के प्रमुखों का इजराइल ने कर दिया सफाया, अब दोनों के खिलाफ लड़ेगा आरपार की लड़ाई

> अब उसके हवाई हमले में हिजबुल्ला के प्रमुख हसन नसरल्लाह के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। शुक्रवार को इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में निशाने बना कर हिजबुल्ला के ठिकारों पर हमले किए। उसमें हिजबुल्ला के मुख्यालय पर बंकरभेदी बम गिराए गए, जिसमें नसरल्लाह मारा गया। इसे इजराइल की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। अब भी इजराल हिजबुल्ला को पूरी तरह खत्म करने पर अड़ा हुआ है। पिछले हफ्ते अमेरिका और ब्रिटेन आदि इजराइल के समर्थक पश्चिमी देशों ने कोशिश की थी कि इक्कीस दिनों के लिए इजराइल हमले रोक दे।

अभी तक ईरान इस संघर्ष में नरम रुख अख्तियार किए हुए था, पर अब उस पर दबाव बढ़ेगा। हालांकि अप्रैल में इजराइल ने ईरान पर भी हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर गोले दागे थे। पर, उसके बाद वह संघर्ष आगे नहीं बढ़ पाया था। इजराइल अब हमास और हिजबुल्ला के खिलाफ आरपार की लड़ाई में जुट गया है। हमास के प्रमुख को उसने कुछ दिनों पहले मार गिराया था। अब उसके हवाई हमले में हिजबुल्ला के प्रमुख हसन नसरल्लाह के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। शुक्रवार को इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में निशाने बना कर हिजबुल्ला के ठिकारों पर हमले किए। उसमें हिजबुल्ला के मुख्यालय पर बंकरभेदी बम गिराए गए, जिसमें नसरल्लाह मारा गया। इसे इजराइल की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। अब भी इजराल हिजबुल्ला को पूरी तरह खत्म करने पर अड़ा हुआ है। पिछले हफ्ते अमेरिका और ब्रिटेन आदि इजराइल के समर्थक पश्चिमी देशों ने कोशिश की थी कि इक्कीस दिनों के लिए इजराइल हमले रोक दे। मगर राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने उस प्रस्ताव को सीधे-सीधे ठुकरा दिया और कहा कि जब तक वह हिजबुल्ला को खत्म नहीं कर लेगा, तब तक हमले बंद नहीं करेगा। वह संकल्प उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के मंच से भी दोहरा दिया। नसरल्लाह के मारे जाने के बाद माना जा रहा है कि मध्यपूर्व में स्थितियां गंभीर हो सकती हैं। ईरान ने आपातकालीन बैठक बुला ली। अगर वह सीधे इस संघर्ष में कूदता है, तो सचमुच युद्ध खतरनाक रूप ले सकता है। अभी तक ईरान इस संघर्ष में नरम रुख अख्तियार किए हुए था, पर अब उस पर दबाव बढ़ेगा। हालांकि अप्रैल में इजराइल ने ईरान पर भी हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर गोले दागे थे। पर, उसके बाद वह संघर्ष आगे नहीं बढ़ पाया था। ईरान के इस संघर्ष में कूदने से बाकी अरब देशों पर भी अपनी स्थिति स्पष्ट करने का दबाव बनेगा। पेजर और रेडियो बम धमाके करके इजराइल ने पहले ही हिजबुल्ला के सैकड़ों लड़ाकों को मार और अशक्त बना कर उसकी कमर तोड़ दी थी। अब उसके प्रमुख नसरल्लाह के मारे जाने के बाद कई लोगों का मानना है कि हिजबुल्ला खत्म हो जाएगा। इजराइल ने भी दावा किया है कि हिजबुल्ला के हर लड़ाके पर उसकी नजर है। मगर सच्चाई यह है कि हिजबुल्ला इस हमले से कुछ हतोत्साहित जरूर हुआ है, उसकी ताकत शायद कम नहीं हुई है। अब भी उसके पास लाखों घातक हथियार जमा हैं, जिनका इस्तेमाल वह इजराइल के खिलाफ कर सकता है। इसलिए इजराइल का ज्यादा ध्यान हिजबुल्ला के हथियारों का जखीरा नष्ट करने पर है। हालांकि युद्ध में जीत का सेहरा चाहे जिसके सिर बंधे, नुकसान दोनों पक्षों के आम लोगों को झेलना पड़ता है। मगर पिछले कुछ वर्षों से यह स्पष्ट है कि युद्ध की स्थितियों को टालने में जैसी भूमिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की होनी चाहिए, वह बिल्कुल नहीं दिखी है। उधर रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी है, इधर इजराइल-हमास और हिजबुल्ला का संघर्ष तेज होता जा रहा है। कोरोनाकाल के बाद से पूरी दुनिया आर्थिक संकटों का सामना कर रही है। आपूर्ति शृंखलाएं बाधित हैं। ऐसे में कुछ देशों की नाहक जिद और सनक की वजह से स्थितियां और चुनौतीपूर्ण हो रही हैं। मगर अमेरिका, ब्रिटेन आदि सुरक्षा परिषद में दबदबा रखने वाले देश अपने निजी स्वार्थों और आर्थिक समीकरणों के तहत चुप्पी साधे हुए हैं। पहले गाजा पट्टी में इजराइल ने हजारों बेकसूर लोगों को मार डाला, लाखों घर ध्वस्त कर दिए, अब वही काम लेबनान में कर रहा है। वहां के आम लोगों की जिंदगी सांसत में है। आखिर उसे मानवता का तकाजा कौन याद दिलाएगा।

बोझिल नियमों से मुक्त हो विनिर्माण क्षेत्र

> जैसे विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 12-14 प्रतिशत प्रति वर्ष करते हुए 2022 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण के योगदान को 25 प्रतिशत तक बढ़ाना और 2022 तक अर्थव्यवस्था में विनिर्माण क्षेत्र की 10 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां पैदा करना। अब इन लक्ष्यों को 2025 तक बढ़ा दिया गया है। हालांकि मौजूदा गति और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2030 तक भी पूरा होता नहीं दिख रहा है। कोविड महामारी के दौरान यह प्रचारित किया गया कि चीन छोड़ने वाली कंपनियां भारत में आएंगी, लेकिन इनमें से अधिकांश ने वियतनाम, ताइवान एवं थाइलैंड की राह पकड़ी और केवल कुछ ही भारत आईं।

निर्यात बढ़ाने के लिए पीएलआई योजना को एमएसएमई और उभरते उद्योगों तक बढ़ाया जाना चाहिए। भारत भविष्य में खुद को अगला वैश्विक कारखाना बना सकता है बशर्ते बोझिल नियमों से विनिर्माण क्षेत्र को मुक्त किया जाए। सरकार को यह समझने की जरूरत है कि संसद के माध्यम से कोई विधेयक पारित करना निवेशक सम्मेलन आयोजित करना आदि औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त नहीं। मेक इन इंडिया मोदी सरकार की एक प्रमुख योजना है। 25 सितंबर, 2014 को शुरू हुई यह योजना दस वर्ष पूरे कर चुकी है। इस अभियान के कुछ घोषित लक्ष्य थे, जैसे विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 12-14 प्रतिशत प्रति वर्ष करते हुए 2022 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण के योगदान को 25 प्रतिशत तक बढ़ाना और 2022 तक अर्थव्यवस्था में विनिर्माण क्षेत्र की 10 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां पैदा करना। अब इन लक्ष्यों को 2025 तक बढ़ा दिया गया है। हालांकि मौजूदा गति और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2030 तक भी पूरा होता नहीं दिख रहा है। कोविड महामारी के दौरान यह प्रचारित किया गया कि चीन छोड़ने वाली कंपनियां भारत में आएंगी, लेकिन इनमें से अधिकांश ने वियतनाम, ताइवान एवं थाइलैंड की राह पकड़ी और केवल कुछ ही भारत आईं। यह सच है कि सरकार निरंतर आर्थिक विकास करने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में प्रासंगिकता बढ़ाने के लिए एक प्रतिस्पर्धी और गतिशील वातावरण बनाने का प्रयास कर रही है और इसके अच्छे परिणाम भी कुछ क्षेत्रों में दिख रहे हैं। भारतीय कंपनियों द्वारा कोविड टीकों का विकास एक बड़ा उदाहरण है। सरकार के प्रयासों के कारण 2014-2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ा है। परंपरागत रूप से खिलौनों का आयातक रहा भारत अब निर्यातक बन गया है। अप्रैल-अगस्त 2022 में भारत के खिलौना निर्यात में 2013 की समान अवधि की तुलना में 636 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी तरह मोबाइल उत्पादन 2014-15 में 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 4,10,000 करोड़ रुपये के अनुमानित बाजार तक पहुंच गया। एयरोस्पेस, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे अन्य क्षेत्रों में भी प्रगति हो रही है। आइबीईएफ की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में विनिर्माण क्षेत्र ने अब तक का सबसे अधिक निर्यात किया, जो 447.46 अरब डालर तक पहुंच गया है। विश्व बैंक द्वारा जारी ईज आफ डूइंग बिजनेस इंडेक्स में 2014 में भारत की रैंक 134वीं थी, जो 2023 में बढ़कर 63 हो गई। वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता रिपोर्ट इंडेक्स में भारत 43वें स्थान पर है, जो 2014 में 60वें स्थान पर था। इसके बावजूद मैन्यूफैक्चरिंग में संभावनाएं पूरी तरह साकार नहीं हो पा रहीं। इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता कि हाल के वर्षों में जनरल मोटर्स, मैन ट्रक्स, यूनाइटेड मोटर्स, फिएट और हार्ले डेविडसन ने भारतीय बाजार से निकलने का फैसला किया। फेडरेशन आफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अनुसार इन निकासियों के चलते 65,000 नौकरियां चली गईं। एक कंपनी के बंद होने से हजारों श्रमिकों का विस्थापन होता है। हम चीन से तुलना करना पसंद करते हैं। उसकी जीडीपी में मैन्यूफैक्चरिंग की हिस्सेदारी 34 प्रतिशत है। भारत की तुलना में जीडीपी में विनिर्माण का बड़ा हिस्सा रखने वाले अन्य एशियाई देशों में दक्षिण कोरिया (26 प्रतिशत), जापान (21 प्रतिशत), थाइलैंड (27 प्रतिशत), सिंगापुर और मलेशिया (21 प्रतिशत), इंडोनेशिया और फिलीपींस (19 प्रतिशत) शामिल हैं। चीन ने खुद को दुनिया के कारखाने के रूप में स्थापित किया है और वैश्विक विनिर्माण में उसका हिस्सा 22.4 प्रतिशत है, जबकि पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत वैश्विक विनिर्माण में बमुश्किल 2.9 प्रतिशत योगदान देता है। चीन से आयात छोटे उद्यमों को बड़ा नुकसान पहुंचा रहा है, क्योंकि सस्ते चीनी सामान के कारण घरेलू कंपनियों के लिए बाजार में प्रतिस्पर्धा कठिन हो रही है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अनुसार कई आयातित उत्पाद स्थानीय एमएसएमई द्वारा बनाए जाते हैं और कम लागत वाले चीनी उत्पादों तक आसान पहुंच के कारण उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिए चीन भारत के 96 प्रतिशत छाते, 92 प्रतिशत कृत्रिम फूल और मानव बालों से बनी वस्तुओं की आपूर्ति करता है।

आकाशदीप ने विराट के बैट से 2 छक्के लगाए

रोहित का फ्लाइंग कैच, रनआउट होने से बचे कोहली, पंत ने गले लगाया; मोमेंट्स

कानपुर ● एजेंसी

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। बारिश के कारण 3 दिन में 35 ओवर का ही खेल ही हो सका था। चौथे दिन बांग्लादेश ने 233 रन बनाए, जिसके बाद भारत ने 34.4 ओवर में ही 285 रन बनाकर पारी डिक्लेयर कर दी। फिर बांग्लादेश के दूसरी पारी में 2 विकेट भी झटक लिए।चौथे दिन विराट कोहली रनआउट होने से बचे तो पंत पर भड़क गए। इसके बाद पंत ने उन्हें गले लगाया। रोहित शर्मा ने एक हाथ से फ्लाइंग कैच पकड़ा। वहीं आकाशदीप ने विराट के बैट से शाकिब अल हसन की बॉल पर लगातार 2 छक्के लगाए। कानपुर टेस्ट में चौथे दिन के टॉप मोमेंट्स...

1. DRS में बचे मोमिनुल हक

46वें ओवर में मोहम्मद सिराज की पहली बॉल पर मोमिनुल हक को अंपायर ने कैच आउट दे दिया। बैक ऑफ लेंथ बॉल पर मोमिनुल ने डिफेंस करने की कोशिश की, लेकिन बॉल उनसे लगकर शॉर्ट लेग पर खड़े यशस्वी जायसवाल के हाथों में चली गई।भारत ने अपील की और अंपायर ने आउट का फैसला दिया। मोमिनुल ने रिव्यू लिया, रिप्ले में दिखा कि बॉल मोमिनुल के पैड्स पर लगी थी। इसलिए अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा।

2. रोहित ने एक हाथ से फ्लाइंग कैच पकड़ा

बांग्लादेशी पारी के 50वें ओवर में उनका पांचवां विकेट गिरा। रोहित शर्मा ने मिड-ऑफ पर हवा में जंप कर एक हाथ से शानदार कैच पकड़ा। सिराज ने ओवर की चौथी बॉल गुड लेंथ पर फेंकी, लिटन आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलने गए। लेकिन मिड-ऑफ पर रोहित ने हवा में जंप कर बेहतरीन कैच पकड़ लिया।

3. सिराज ने पकड़ा बेहतरीन हाई कैच

रविचंद्रन अश्विन ने अपने पहले ही ओवर में बांग्लादेश को झटका दे दिया। पारी के 56वें ओवर में उन्होंने शाकिब अल हसन को मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। शाकिब 9 रन बनाकर आउट हुए।अश्विन की बॉल पर शाकिब ने स्टेप आउट किया और शॉट खेला। सिराज मिड-ऑफ पर खड़े थे और गेंद आसमान में काफी ऊपर चली गई। सिराज ने बॉल को अच्छे से जज किया और पीछे की दौड़ते हुए जंप कर बाएं हाथ से ही बेहतरीन कैच पकड़ लिया। शाकिब ने 9 रन बनाए।

4. मोमिनुल को 2 ओवर में 2 जीवनदान

सेंचुरी पूरी करने से पहले मोमिनुल हक को 94 और 95 रन के स्कोर दो जीवनदान मिले। 64वें ओवर में अश्विन की गुड लेंथ बॉल पर मोमिनुल ने कट किया, बॉल पंत की ओर गई, लेकिन वह कैच नहीं पकड़ सके। अगले ओवर में फिर विराट कोहली ने सिराज की बॉल पर स्लिप में कैच छोड़ दिया।

5. बुमराह ने मेहदी को सेंड ऑफ दिया

70वें ओवर में जसप्रीत बुमराह मेहदी हसन मिराज के खिलाफ बॉलिंग कर रहे थे। ओवर की पहली और दूसरी बॉल पर मेहदी ने दो चौके लगाए। बुमराह ने तीसरी बॉल पर उन्हें स्लिप में कैच कराया और पवेलियन भेज दिया। बुमराह ने फिर ताली बजा कर मेहदी को पवेलियन का रास्ता दिखाया। उन्होंने 20 रन की पारी खेली।

रोहित शर्मा ने 2 छक्के लगाकर अपनी पारी शुरू की।

बांग्लादेश को 233 रन पर समेटने के बाद भारत को यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने तेज शुरुआत दिलाई। यशस्वी ने हसन महमूद के खिलाफ पहले ओवर में 3 चौके लगाए। रोहित ने फिर खालेद अहमद के खिलाफ दूसरे ओवर की शुरुआती 2 गेंदों पर 2 छक्के लगा दिए। इस ओवर में 17 रन बने।

7. DRS में बचे रोहित, अगली बॉल पर बोल्ड

रोहित शर्मा को तीसरे ही ओवर में जीवनदान मिल गया। हसन महमूद की पहली बॉल पर वह कॉट बिहाइंड हुए, लेकिन बांग्लादेश ने अपील नहीं की और रोहित बचे रहे। रोहित ने अगली ही बॉल पर सिक्स लगा दिया। फिर चौथे ओवर में मेहदी हसन मिराज ने चौथी बॉल पर रोहित को [illegible] कर दिया।रोहित ने रिव्यू लिया, रिप्ले में दिखा कि बॉल स्टंप्स को मिस करते हुए जा रही थी। इसलिए रोहित नॉटआउट रहे, लेकिन अगली ही गेंद पर मेहदी ने उन्हें बोल्ड कर दिया। रोहित ने 11 बॉल पर 23 रन बनाए।

8 . DRS लेने के कारण बचे ऋषभ पंत

16वें ओवर में ऋषभ पंत को शाकिब की बॉल पर कॉट बिहाइंड दिया गया। पंत ने तुरंत रिव्यू ले लिया, रिप्ले में दिखा कि बॉल पंत के बैट से लगी ही नहीं थी। फील्ड अंपायर ने अपना फैसला बदला और पंत नॉटआउट रहे। पंत फिर 9 रन बनाकर ही आउट भी हो गए।

9. रनआउट होने से बचे कोहली, पंत पर भड़के

19वें ओवर में विराट कोहली रनआउट होने से बचे। खालेद अहमद के खिलाफ पहली ही बॉल पर इनसाइड एज लगने के बाद विराट रन दौड़ने के लिए आगे आए। नॉन स्ट्राइकर एंड पर पंत ने भी रन लेना शुरू किया, लेकिन वह बीच में ही रुक गए। इतने में खालेद ने बॉल उठा ली और स्टंप्स की ओर थ्रो कर दिया।

खालेद का थ्रो स्टंप्स पर नहीं लगा और कोहली अपनी क्रीज में वापस आ गए। वह फिर पंत पर भड़के, लेकिन ऋषभ ने कोहली को गले लगाकर माफी मांग ली।

कानपुर मैच, खिलाड़ियों को देख सड़क पर नाचा गार्ड

बांदा के युवक की पीठ पर 'रोहित शर्मा'; परीक्षा छोड़ विराट को देखने पहुंचा फैन

भारत-बांग्लादेश के दूसरे टेस्ट मैच का आज चौथा दिन है। मैच को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है।

एग्जाम छोड़कर विराट का फैन मेरठ से मैच देखने पहुंचा है। बांदा से रोहित शर्मा का फैन पीठ पर उनके नाम टैटू बनवाकर पहुंचा है। यही नहीं, सीने पर रोहित शर्मा की फोटो भी गुदवाया है।

भारतीय टीम स्टेडियम पहुंची तो दर्शकों ने %भारत माता की जय% के नारे लगाकर वेलकम किया। सिक्योरिटी गार्ड सड़क पर डांस करने लगा। फिलहाल, सुबह से ही टिकट खरीदने के लिए दर्शकों की भीड़ लगी हुई है।

एक्सीडेंट के बाद मुशीर ने इंस्टा पर वीडियो पोस्ट किया

पिता नौशाद बोले- MCA और BCCI का धन्यवाद; आप सबकी प्रार्थनाओं का शुक्रिया

मुशीर खान की फॉर्च्यूनर कार 2 दिन पहले आजमगढ़ से लखनऊ जाते समय पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार की वजह से पलट गई थी।

भारतीय क्रिकेटर सरफराज खान के भाई मुशीर खान का बीते शनिवार एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद अब मुशीर खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उनके गले में पट्टा बंधा हुआ है।वीडियो में मुशीर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन और [illegible] द्वारा मिले सपोर्ट का धन्यवाद किया और साथ ही फैंस का भी आभार जताया।

युवा ऑलराउंडर खिलाड़ी मुशीर खान की फॉर्च्यूनर कार 2 दिन पहले आजमगढ़ से लखनऊ जाते समय पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार की वजह से पलट गई थी। वे पिता नौशाद के साथ ईरानी कप में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। इस एक्सीडेंट के बाद मुशीर की गर्दन में चोट आई थी। जिसकी वजह से मुशीर ईरानी कप से बाहर हो गए है।

वीडियो में मुशीर और उनके पिता ने फैंस आभार जताया

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे में एक्सीडेंट के बाद कार में बैठे सभी घायलों को मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जिसके बाद मेदांता के डायरेक्टर राकेश कपूर ने दैनिक भास्कर को बताया- मुशीर की गर्दन में चोट है। उन्हें एक-दो दिनों में डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।डिस्चार्ज होने के बाद अब मुशीर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो में सबसे पहले नौशाद खान ने कहा, मैं सबसे पहले इस नए जीवन के लिए अपने मालिक का शुक्रिया करता हूं, इसके साथ ही मैं अपने चाहने वाले और उन सभी सगे-संबंधियों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए दुआ की। मुशीर का ख्याल रखने के लिए MCA और BCCI का भी बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं इतना ही कहूंगा कि जो मिला उसका शुक्रिया करना है और जो नहीं मिला उसके लिए सब्र करना है।

IPL ने विदेशी प्लेयर्स के पर कतरे...

बिकने के बाद नहीं खेले तो 2 साल का बैन; ?18 करोड़ से ज्यादा कमा भी नहीं पाएंगे

BCCI ने शनिवार को IPL की नई रिटेंशन पॉलिसी लागू कर दी। पॉलिसी के नियमों में विदेशी प्लेयर्स को नुकसान होता नजर आ रहा है। इसके तहत सभी विदेशी प्लेयर्स को मेगा ऑक्शन में रजिस्ट्रेशन कराना ही होगा। अगर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो उन्हें बाद में होने वाले मिनी ऑक्शन में एंट्री नहीं मिलेगी।वहीं, किसी खिलाड़ी ने अगर ऑक्शन में बिकने के बाद टूर्नामेंट से नाम वापस लिया तो उन्हें अगले 2 सीजन के लिए बैन कर दिया जाएगा। साथ ही विदेशी प्लेयर्स अब एक सीजन में 18 करोड़ रुपए से ज्यादा कमा भी नहीं पाएंगे। पिछले मिनी ऑक्शन में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क 24.75 करोड़ और पैट कमिंस 20.50 करोड़ रुपए में बिके थे।

क्या है IPL प्लेयर रिटेंशन?

स्टोरी में 6 सवालों के जवाब जानेंगे

1. क्या है IPL का रिटेंशन रूल?
2. राइट टु मैच कार्ड में क्या बदलाव हुआ?
3. प्लेयर रिटेन करने पर कितना खर्च होगा?
4. विदेशी प्लेयर्स के लिए नए नियम क्या हैं?
5. विदेशी प्लेयर्स को नुकसान कैसे हुआ?
6. अनकैप्ड प्लेयर्स के लिए क्या नियम है?

1. IPL का नया रिटेंशन रूल

IPL मेगा ऑक्शन से पहले अब फ्रेंचाइजी टीमें 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। जिनमें ज्यादा से ज्यादा 5 इंटरनेशनल और 2 अनकैप्ड प्लेयर शामिल हो सकते हैं। इंटरनेशनल प्लेयर किसी भी देश का हो सकता है, लेकिन अनकैप्ड खिलाड़ी भारत का ही होना चाहिए।मान लीजिए, मुंबई इंडियंस ने 5 इंटरनेशनल खिलाड़ी रिटेन किए तो टीम अब किसी अनकैप्ड प्लेयर को ही छठे खिलाड़ी के रूप में रिटेन कर सकेगी। वहीं टीम ने अगर 4 इंटरनेशनल प्लेयर रिटेन किए तो उनके पास 2 अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन करने का ऑप्शन रहेगा।

व्यापार

भारतपे ने अशनीर ग्रोवर के साथ समझौता किया

दोनों पक्षों ने केस वापस लिया, 2022 में विवादों के बाद छोड़नी पड़ी थी कंपनी

फिनटेक कंपनी भारतपे ने अपने पूर्व को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर के साथ विवादों पर शर्तों के साथ समझौता कर लिया है। शर्तों के तहत ग्रोवर कंपनी में किसी भी तरह से जुड़े नहीं रहेंगे और न ही उसकी शेयरहोल्डिंग का पार्ट होंगे।

भारतपे ने सोमवार को एक ऑफिशियल बयान में कहा कि ग्रोवर के कुछ शेयर कंपनी के बेनिफिट के लिए %रेसिलिएंट ग्रोथ ट्रस्ट% को ट्रांसफर किए जाएंगे और उनके बाकी बचे शेयरों को उनकी फैमिली ट्रस्ट मैनेज करेगी।भारतपे के बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने विवादों पर फाइल केस को आगे न बढ़ाने का फैसला किया है। हम ग्रोवर को शुभकामनाएं देते हैं। भारतपे अपने मर्चेंट्स और कस्टमर्स इंडस्ट्री में सबसे बेहतर सॉल्यूशन डिलिवर करने पर फोकस करते रहेंगे।



Ashneer Grover
@Ashneer_Grover

I have reached a decisive settlement with BharatPe. I repose my faith in the management and board, who are doing great work in taking BharatPe forward in the right direction. I continue to remain aligned with the company's growth and success. I will no longer be associated with BharatPe in any capacity, nor be part of the capital table. My remaining shares will be managed by my Family Trust. Both parties have decided not to pursue cases filed. I hope BharatPe continues to grow and succeed for the benefit of all its stakeholders.

Peace !

8:51 am · 30 Sep 2024 · 332.8K Views

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मार्च 2022 में कंपनी ने ग्रोवर को कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर के पद से हटा दिया था, जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी।

अशनीर ग्रोवर बोले- कंपनी के मैनेजमेंट और बोर्ड पर पूरा भरोसा

समझौते के बाद अशनीर ग्रोवर ने अपने [illegible] हैंडल पर लिखा कि उन्हें मैनेजमेंट और बोर्ड पर पूरा भरोसा है, जो भारतपे को सही दिशा में आगे ले जाने में बेहतरीन काम कर रहे हैं। %मैं कंपनी के ग्रोथ और सक्सेस के साथ जुड़ा हुआ हूं। मैं अब किसी भी केपेसिटी में भारतपे से जुड़ा नहीं रहूंगा, न ही कैपिटल टेबल का हिस्सा रहूंगा।

कंपनी में मेरे बचे हुए शेयरों का मैनेजमेंट मेरी फैमिली ट्रस्ट करेगा। दोनों पक्षों ने दायर मामलों को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। मुझे उम्मीद है कि भारतपे अपने सभी स्टेकहोल्डर्स के हित के लिए आगे बढ़ता रहेगा और सफल होता रहेगा।%

साल 2022 में अशनीर ग्रोवर को भारतपे छोड़नी पड़ी थी

भारत पे के को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर साल 2022 से विवादों में थे। इसके पीछे की मुख्य वजह अशनीर का वायरल हुआ एक ऑडियो था। इसमें वे कोटक महिंद्रा बैंक के एक कर्मचारी से अपमानजनक भाषा में बात करते हुए पाए गए थे। इसके अलावा कंपनी के नियमों के खिलाफ व्यवहार करने का भी उन पर आरोप लगा था।

सेंसेक्स 1272 अंक गिरकर 84,299 पर बंद

निफ्टी में भी 368 अंक की गिरावट रही, ऑटो सेक्टर के शेयर्स सबसे ज्यादा गिरे

महीने के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी 30 सितंबर को सेंसेक्स 1272 अंक की गिरावट के साथ 84,299 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 368 अंक की गिरावट रही, ये 25,810 के स्तर पर बंद हुआ।सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 41 में गिरावट और 9 में तेजी रही। [illegible] के ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा गिरावट रही।इससे पहले शुक्रवार यानी 27 सितंबर को शेयर बाजार ने लगातार 8वे दिन ऑल टाइम हाई बनाया था। सेंसेक्स ने 85,978 और निफ्टी ने 26,277 का रिकॉर्ड स्तर छुआ था।



बाजार में गिरावट के 3 प्रमुख कारण रहा

ईरान और इजराइल के बीच युद्ध की आशंका के कारण ग्लोबल मार्केट में निगेटिव सेंटिमेंट है। इसी का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी देखने को मिला है।

भारतीय शेयर बाजार के मौजूदा वैल्यूएशन बढ़े हुए हैं। खासकर मिड और स्मॉल-कैप सेगमेंट में। बाजार में इस कारण आगे करेक्शन दिखने को मिल सकता है।

अमेरिका में मंदी की आशंका बढ़ गई है, जिसके कारण पिछले कारोबारी दिन अमेरिकी बाजार में गिरावट रही। इसका असर दुनियाभर के बाजारों में दिख रहा है।

एशियाई बाजार में आज मिलाजुला कारोबार

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 4.80% की गिरावट और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 2.43त्न की तेजी रही। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 8.06त्न बढ़त के साथ बंद हुआ।

27 सितंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.33% चढ़कर 42,313 पर बंद हुआ। नैस्डैक 0.39% गिरकर 18,119 पर बंद हुआ। S&P 500 भी 0.13% गिरकर 5,738 पर बंद हुआ।

NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 27 सितंबर को 1,209.10 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 6,886.65 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

डॉ. अग्रवाल हेल्थ केयर ने IPO लाने के लिए DRHP फाइल किया

टेमासेक होल्डिंग्स और TPG बैक्ड नेत्र देखभाल सर्विस डॉ. अग्रवाल हेल्थ केयर ने इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO के माध्यम से पैसे जुटाने के लिए मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) फाइल किया है।

आज सोने-चांदी में गिरावट

सोना ?75,584 प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी ?1,113 सस्ती होकर 90,335 प्रति किलो बिक रही

सोने की कीमत में आज (30 सितंबर) सोमवार को मामूली गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 56 रुपए गिरकर 75,584 रुपए पर आ गया। इससे पहले इसके दाम 75,640 रुपए प्रति दस ग्राम थे।

वहीं चांदी की कीमत में भी आज बड़ी गिरावट रही। ये 1,113 रुपए सस्ती होकर 90,335 रुपए प्रति किलो पर आ गई। इससे पहले चांदी 91,448 रुपए पर थी। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति किलो पर पहुंच चुकी है।

4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

दिल्ली ᅳ 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,390 रुपए है।

मुंबई ᅳ 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,240 रुपए है।

कोलकाता ᅳ 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 70,800 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 77,240 रुपए है।

चेन्नई ᅳ 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,240 रुपए है।भोपाल ᅳ 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,290 रुपए है।

साल के आखिर तक 78 हजार तक जा सकता है सोना

HDFC सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने-चांदी में बढ़त देखने को मिल सकती है। इस साल सोना 78 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी भी 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

अक्टूबर में 15 दिन बंद रहेंगे बैंक : 4 रविवार और 2 शनिवार के अलावा अलग-अलग जगहों पर 9 दिन कामकाज नहीं होगा

नई दिल्ली। अक्टूबर 2024 महीने में बैंकों में 15 दिन कामकाज नहीं होगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग जगहों पर 9 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इनके अलावा 4 रविवार और 2 शनिवार को भी बैंक बंद रहेंगे। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर सभी जगह बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा 12 अक्टूबर को दशहरे पर देश के ज्यादातर हिस्सों में बैंक बंद रहेंगे। यहां हम आपको अक्टूबर महीने की बैंक छुट्टियों के बारे में बता रहे हैं।

ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए निपटा सकेंगे काम

आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और [illegible] के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

अक्टूबर में शेयर बाजार में 9 दिन कारोबार नहीं

अक्टूबर 2024 में शेयर बाजार में 9 दिन कारोबार नहीं होगा। इसमें 8 दिन शनिवार और रविवार को कारोबार नहीं होगा। इसके अलावा 2 अक्टूबर को गांधी पर भी शेयर बाजार बंद रहेगा।

टैफे (TAFE) ने किया भारत में मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड के वैध स्वामित्व का दावा; एजीसीओ (AGCO) के खिलाफ अदालत की अवमानना की याचिका दायर की

- एजीसीओ (AGCO) का दावा खारिज हुआ
- टैफे (TAFE) 65 वर्षों से अपने मैसी फर्ग्यूसन ग्राहकों की सेवा में दृढ़ रहा
- टैफे (TAFE) ने 2 मिलियन से अधिक एमएफ ट्रैक्टर डिजाइन किया

भोपाल। 1960 में अपनी स्थापना के बाद से, टैफे (TAFE) ने मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड का उत्पादन, निर्माण और पोषण किया है और अपनी मजबूत स्वदेशी आर एंड डी तथा गुणवत्ता नियंत्रण के बल पर भारत में 500 से अधिक मॉडलों का एक विस्तृत उत्पाद पोर्टफोलियो प्रस्तुत करता है। टैफे (TAFE) भारत में प्रति वर्ष 180,000 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ 100,000 से अधिक मैसी फर्ग्यूसन का उत्पादन करता है एवं इस सेवा के माध्यम से लगभग 3 मिलियन संतुष्ट ग्राहकों का आधार बनाया है। टैफे (TAFE) और मैसी फर्ग्यूसन भारत में पर्यायनामी हैं।

टैफे (TAFE) भारत में ट्रैक्टरों का दूसरा और दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसने भारत और 80 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में किसानों का विश्वास जीतते हुए विश्वसनीय गुणवत्ता के क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की है। 2,000 से अधिक डीलरों का एक मजबूत वितरण नेटवर्क, टैफे (TAFE) के चार प्रतिष्ठित ट्रैक्टर ब्रांडों - मैसी फर्ग्यूसन, टैफे, आयशर ट्रैक्टर्स और आईएमटी का प्रभावी ढंग से समर्थन करता है। टैफे (TAFE) 80 से अधिक देशों में ट्रैक्टरों का निर्यात करता है। टैफे (TAFE) को अपने ग्राहकों, उद्योग निकायों, मीडिया और सरकारों से प्रदर्शन और कंपोनेंट्स की आपूर्ति के लिए असंख्य प्रशंसाएँ मिली हैं एवं गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि के लिए अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की है।

टैफे (TAFE) के उत्पादों की डिजाइन भारत-केंद्रित हैं, जो एजीसीओ (AGCO) के उत्पादों से बिल्कुल अलग हैं एवं भारत और दुनिया भर के लघु एवं मध्यम किसानों के लिए उत्तम हैं। 1960 में मैसी फर्ग्यूसन इंडिया के अधिग्रहण के पश्चात पूरा क्षेत्र टैफे (TAFE) के अधीन आने के बाद एजीसीओ (AGCO) की वैश्विक ब्रांड वेबसाइट ने ऐतिहासिक रूप से छह दशकों से भारत, नेपाल और भूटान के सन्दर्भ में मैसी फर्ग्यूसन का कोई उल्लेख नहीं किया है। टैफे (TAFE) ने 2012 में एजीसीओ (AGCO) कॉर्पोरेशन में शेयरधारिता हासिल की और इसका सबसे बड़ा शेयरधारक और रणनीतिक दीर्घकालिक निवेशक बन गया। इससे कंपनियों के बीच सहयोगात्मक संबंध मजबूत हुए तथा टैफे (TAFE) और एजीसीओ (AGCO) ने समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे एजीसीओ (AGCO) को एक दशक से अधिक समय के लिए निरंतर समर्थन का आश्वासन मिला।

जैसे-जैसे टैफे (TAFE) का रणनीतिक प्रभाव बढ़ता गया, एजीसीओ (AGCO) अपने समक्ष बारम्बार खड़े होने वाले मुद्दों को हल करने के बजाय, जिसमें एजीसीओ (AGCO) के कॉर्पोरेट प्रशासन की खामियां, शेयरधारकों के साथ पूरी तरह से अपर्याप्त जुड़ाव और प्रमुख क्षेत्रों में वित्तीय तथा परिचालन प्रदर्शन संबंधी मुद्दें शामिल थे, एजीसीओ (AGCO) ने ब्रांड उपयोग के संबंध में विवादास्पद और गलत सलाह देने की चालें चलकर टैफे (TAFE) की बदलाव लाने की कोशिश को दबाने का प्रयास किया, जो छह दशकों से एक निर्विवाद क्षेत्र रहा है।

बरसात से खराब हुई सड़कों की मरम्मत तेजी से कराएँ: ऊर्जा मंत्री तोमर

ग्वालियर। बरसात के कारण खराब हुई सड़कों की मरम्मत का काम तेजी से कराएँ। सड़कों का काम इस तरह से किया जाए जिससे आमजन को आवागमन में दिक्कत न हो। साथ ही चौक सीवर लाइनों की सफाई और बंद स्ट्रीट लाइटें दुरूस्त करने का काम भी तत्परता से कराएँ। इन कामों में कोई ढ़िलाई न हो। इस आशय के निर्देश ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नगर निगम तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर सोमवार को शहर के वार्ड-7 के अंतर्गत सती विहार कॉलोनी, वार्ड-6 बम भोले की बगिया, हथियापौर घासमंडी एवं जगनापुरा आदि क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं का जायजा लेने पहुँचे थे। भ्रमण के दौरान एसडीएम अतुल सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम मुनीश सिंह सिकरवार, विद्युत वितरण कंपनी के डीई श्रीनिवास यादव व कार्यपालन यंत्री नगर निगम सुशील कटारे उपस्थित रहे। मंत्री श्री तोमर ने अधिकारियों के साथ सती विहार कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण किया। स्थानीय निवासियों द्वारा बरसात से खराब हुई सड़कों और स्ट्रीट लाइटें बंद होने की ओर ध्यान आकर्षित किए जाने पर श्री तोमर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खराब सड़कों को तात्कालिक रूप से गिट्टी डालकर यातायात के लिये सुगम बनायें। साथ ही नई सड़कों के निर्माण के लिए स्टीमेट तैयार करें, जिससे सरकार की योजना के तहत इन सड़कों का निर्माण कराया जा सके। उन्होंने स्ट्रीट लाइटों को अभियान बतौर ठीक करने पर भी विशेष जोर दिया।

उपनगर ग्वालियर की हथियापौर एवं जगनापुरा बस्तियों के निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बम भोले की बगिया से पुलिस चौकी तक सीवर लाइन डालने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बरसात के कारण इस क्षेत्र में जिन लोगों की पाटौरों को नुकसान पहुँचा है, एसडीएम इन सबकी मदद के लिये शासन के प्रावधानों के तहत उचित कार्यवाही करें। श्री तोमर ने हथियापौर नाले के निर्माण कार्य को प्राथमिकता देने की हिदायत भी दी। भ्रमण के दौरान जगनापुरा में स्ट्रीट लाइट एवं नाला निर्माण की माँग क्षेत्रीय निवासियों ने ऊर्जा मंत्री श्री तोमर से की। मंत्री श्री तोमर ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का तत्परता से निराकरण कर उन्हें अवगत कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

दंदरौआ धाम मंदिर में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

ग्वालियर। शताब्दीपुरम स्थित दंदरौआ धाम मंदिर पर सोमवार को कलश यात्रा के साथ श्रीरामकथा का आगाज हुआ। इस मौके पर 121 श्रद्धालु महिलाएं पीले वस्त्र पहन सिर पर कलश लेकर चलीं। दंदरौआ के महामंडलेश्वर रामदास महाराज एवं कथा व्यास पं. कपिल कृष्ण बग्घी पर सवार होकर चले। कथा परीक्षत साधना राजीव कोठारी सिर पर कलश लेकर चल रहे थे। केयर सोशल एंड मेडिकल सर्विस सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित कथा के लिए कलश यात्रा की भव्यता और आकर्षण देख श्रद्धालु भक्त आनंदित हो गए। सीताराम की झांकी को देख भक्त मुग्ध हो उठे। साथ ही बाहुबली हनुमान की सुंदर झांकी ने भक्तों को रोमांचित कर दिया, जिसके लिए विशेष आगरा से कलाकार बुलाए गए थे। राम लखन और सिया हनुमान के रूप में बाल कलाकारों ने सुंदर झांकी का प्रदर्शन किया। इस दौरान महामंडलेश्र रामदास महाराज दंदरौआ धाम से आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालुओं में होड मची रही। कलश यात्रा सुबह 11 बजे डीडी नगर गेट नम्बर-1 से आरंभ हुई, जो डीडी के नगर के विभिन्न सेक्टरों से होते हुए कथा स्थल शताब्दीपुरम दंदरौआ धाम पहुंची, जहां भव्य कथा पांडाल में श्रीराम कथा का वाचन करते हुए पं कपिल कृष्ण ने कहा कि रामकथा एक ऐसा ग्रंथ है, जिसमें सबकुछ समाहित है। श्रीमद्धागवत हमें मरना सिखाती है और रामकथा जीना सिखाती है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष एसएन शुक्ला, भास्कर शर्मा((भानु), ममता संतोष, मालती-राकेश, रंजना, मंगेश, अर्चना-सुधीर, ज्योति-राममोहन समेत समस्त यजमान परिवार एवं श्रद्धालु श्रोता मौजूद रहे।

अभ्यारण्य के वन क्षेत्र खाड़ी नाला में 10 घन मीटर पत्थर जब्त

- मैदानी वन अमले ने मौके पर किया नष्ट

ग्वालियर। मानसूनी सीजन के विदाई से पहले ही घाटीगांव के जंगल में पत्थर माफिया सक्रिय हो गये है। बारिश सीजन में पहली बार सोनचिरैया अभ्यारण्य गेमरेंज की वन चौकी व बीट डांडा खिड़क कक्ष क्रमांक 435 में खुदा हुआ फर्शी पत्थर मिला है। जबकि ट्रेक्टर व जेसीबी वाहनों के पहियों के निशान मिले हैं। इससे स्पष्ट होता है कि जंगल में पत्थर माफियाराज चल पड़ा है। इस बार मशीनों से जंगल में साफसफाई कर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। सोमवार को सीसीएफ टीएस सूलिया के निर्देशन में उड़नदस्ता प्रभारी एमपी शर्मा, गेमरेंज घाटीगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी नरेश काकोडिया सहित भटपुरा, लखनपुरा और डांडाखिड़क वन चौकी का स्टाफ बड़ी संख्या में मौजूद रहा। बीट डांडा खिड़क कक्ष क्रमांक 435 के अंतर्गत खाड़ी नाला में आधा दर्जन गडडे चालू हालत में मिले। साथ ही दो गडडों में लगभग 10 घन मीटर फर्शी पत्थर भी मिला। जिसे जब्त कर मौके पर नष्ट किया गया।

विप्रा संगिनियों ने खेले गेम, रिमझिम के बीच किया डांस

Shot on motorola
27 Sept 2024, 3:19 pm

ग्वालियर। विप्रा ब्राह्मण महिला मंच का स्थापना दिवस समारोह रविवार को निजी होटल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी संगिनियों द्वारा गेम्स, म्यूजिकल हाउजी खेले गए। साथ ही रिमझिम बारिश के बीच फिल्मी गानों पर डांस कर जमकर नृत्य किया। इस दौरान सभी संगिनियां सेल्फी और ग्रुप फोटो शूट कराती नजर आ रही थीं। मंच की अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने बताया कि म्यूजिकल हाउजी दीप्ति शर्मा व रश्मि त्रिपाठी द्वारा खिलवाई गई। इस अवसर पर प्रज्ञा कवीश्वर ने श्राद्ध पक्ष में सर्वपितृ अमावस्या के महत्व पर अपनी विचार व्यक्त किये। वंदना शर्मा द्वारा आजकल के मौसम परिवर्तन से होने वाली बीमारियों से बचाव व उपचार के लिए आयुर्वेदिक औषधियों के कुछ टिप्स दिए गए। वहीं एड. आभा मिश्रा ने महिलाओं के हित के कानूनों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष कृष्णा शर्मा ने एवं आभार ज्योति शर्मा ने व्यक्त किया। इस मौके पर अनीता दैपुरिया, भावना चतुर्वेदी, नीतू उपमन्यु, कृष्ण शर्मा, श्रुति उपाध्याय, किरण मिश्रा, अर्चना शर्मा, नीलम शर्मा, सुधा दीक्षित, रजनी शर्मा, मीना तिवारी, मंजू शर्मा, गीता शर्मा, माला शर्मा, पूजा शर्मा, निशा शुक्ला, शैलजा मिश्रा, विभा शुक्ला आदि विप्रा संगिनियां मौजूद रहीं।

सोभा रिअलटी IIFA वीकएंड के को-प्रेजेंटर हैं NEXA जिसे फ़ाइनेस्ट कारडमॉम सीड्स द्वारा को-पावर्ड किया गया है

NEXA IIFA अवॉर्ड्स के को-प्रेजेंटर हैं सोभा रिअलटी जिसे मैंसोर ऐंड सिग्नेचर फ़ाइनेस्ट कारडमॉम सीड्स द्वारा को-पावर्ड किया गया है

METRO
maisur



मुम्बई। यूएई के मिनिस्टर ऑफ़ टॉलेरेंस ऐंड को-एक्ज़िस्टेंस महामहिम शेख नायहान बिन मुबारक अल नाहयान के नेतृत्व व संरक्षण में भारतीय सिनेमा के जश्न का आग़ाज़ बड़े ही भव्य तरीके से हुआ। यह आयोजन अबू धाबी के संस्कृति व पर्यटन विभाग और मिरल के सहयोग से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि IIFA अवॉर्ड्स के 24वें संस्करण के पॉपुलर कैटगरी के सभी विजेताओं की सूची जारी कर दी गयी है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहद मशहूर और वैश्विक रूप से एक बड़े आकर्षण का केंद्र IIFA अवॉर्ड्स में इस साल भी प्रतिभान कलाकारों, दिग्गज फिल्म मेकरों और भारत व दुनिया भर इंडस्ट्री लीडरों को इकट्ठा लाकर भारतीय सिनेमा का जश्न मनाया जा रहा है।

IIFA (इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी)

IIFA पूरी तरह से विभिन्न तरह के सिनेमा, कारोबार, समुदायों और राष्ट्रों के बीच पुल की तरह काम करता है और तमाम दूरियों को मिटाने के प्रति समर्पित है। यह एक ऐसा अनोखा आयोजन है जो सभी के सपनों को साकार करने और 'वन पीपल, वन वर्ल्ड' के सिद्धांत को पूरा करने के लिए दृढ़ है।

IIFA का शुमार दक्षिण एशिया के सबसे मशहूर फ़ल्मि एकेडमी के रूप में होता है। यह एक ऐसा वैश्विक मंच है जो भारतीय फिल्म समुदाय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दर्शकों तक पहुंचाने में मदद करता है। IIFA के मंच के ज़रिए होने वाली साझेदारियों से भारत को भारी लाभ होता है। ऐसे में IIFA का मक़सद आयोजन को होस्ट करने वाले देशों को भी समान तरह के लाभ पहुंचाना है। आयोजन का उद्देश्य भारत के साथ साथ होस्ट डेस्टिनेशन को टूरिज़्म, आर्थिक विकास, व्यापार, संस्कृति, क्रॉस-बॉर्डर निवेश और फिल्मों के सह-निर्माण से फ़ायदा पहुंचाना है। IIFA वीकएंड और अवॉर्ड्स हर साल एक नये, रोमांचक और खूबसूरत जगह पर कार्यक्रम का आयोजन करता है जहां भारतीय सिनेमा और संस्कृति का जश्न अभूतपूर्व तरीके से मनाया जाता है। इस तरह से हर साल भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई पर ले जाने की कोशिश की जाती है।?

क्या सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में प्रभास को मात देकर सुशीला के बच्चे को बचा पाएगी पुष्पा?

मुंबई। सोनी सब का 'पुष्पा इम्पॉसिबल' शो पुष्पा (करुणा पांडे) की प्रेरक कहानी के जरिये दर्शकों को बांधे रखता है। वह एक दृढ़ निश्चयी महिला है जो जीवन की चुनौतियों का आशा और उम्मीद के साथ सामना करती है। प्रभास (भव्य गांधी) की एंट्री के साथ ही पुष्पा और उसके परिवार की जान खतरे में पड़ गई है। अश्विन (नवीन पंडिता) को फर्जी मामले में गिरफ्तार करवाने से लेकर बापोदरा चॉल में जहरीली गैस लीक करने तक, प्रभास के गुस्से की कोई सीमा नहीं है।

आगामी एपिसोड में जब सुशीला (तूलिका पाटिल) प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल जाती है, तो प्रभास बिजली की आपूर्ति काटने की कोशिश करता है। वह ऐसी जगह फंस जाता है जहां चारों ओर दर्पण लगे होते हैं। इससे उसके दर्दनाक बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं। पुष्पा को प्रभास के बचपन में हुए दुर्व्यवहार के भावनात्मक घावों का पता चलता है और वह उन्हें अपने पक्ष में इस्तेमाल करने का फैसला करती है। उसे यह एहसास दिलाती है कि बच्चे को प्रभास की तरह ही माँ की देखभाल की जरूरत है।

प्रभास का क्या होगा? क्या पुष्पा उसे और बच्चे को बचा पाएगी?

पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा का किरदार निभाने वाली करुणा पांडे ने कहा, 'सुशीला के नवजात बच्चे को बचाने के दौरान पुष्पा प्रभास से भी भिड़ती है। वह अपने अतीत से बहुत ज़्यादा आहत है। इस दृश्य ने एक माँ के रूप में पुष्पा की कमज़ोरी और ताकत को सामने लाया। वह पल जब उसने गुस्से से नहीं बल्कि सहानुभूति के जरिये उससे जुड़ने की कोशिश की, बहुत शक्तिशाली था। यह सिर्फ़ एक बच्चे को बचाने के बारे में नहीं था; यह एक टूटी हुई आत्मा तक पहुँचने और उसे एक माँ के प्यार का महत्व दिखाने का था। सेट पर भावनाएँ बहुत ज़्यादा थीं, और यह मेरे द्वारा शूट किए गए सबसे गहन दृश्यों में से एक था। ये पल मुझे याद दिलाते हैं कि मुझे पुष्पा का किरदार निभाना क्यों पसंद है।'

सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल को हर सोमवार से शनिवार रात 9.35 बजे देखें

धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारी पहुंचे भोपाल: भदौरिया

ग्वालियर। प्रदेश संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह भदौरिया ने बयान जारी कर प्रदेश के कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में 17 अक्टूबर को भोपाल धरना प्रदर्शन ज्ञापन में शामिल होने की अपील की है। प्रांतीय नेतृत्व पूरी ताकत झोंक कर संघ के 25 सूत्रीय मांगों को मनवाने का पूरा दबाव बनाएगी। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मध्यप्रदेश की संवेदनशील सरकार कर्मचारियों की हितों को अनदेखा न कर लंबित मांगों का जल्द निराकरण करेगी। प्रदेश के संपूर्ण कर्मचारियों से अपने-अपने जिलों में भोपाल जाने वाले कर्मचारियों का सूची करण कर रिजर्वेशन करवा लें। हमेशा ग्वालियर चंबल के उत्साही कर्मचारी ऐतिहासिक भूमिका निभा ने वाले अधिकाधिक संख्या में भोपाल पहुंचने की तैयारी में जुटने का आव्हान किया है। 17 अक्टूबर को भोपाल पहुंचने की अपील करने वालों में प्रदेश संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह भदौरिया, प्रदेश मंत्री निरंजन सिंह घुरैया, मुरारी शर्मा, बलवीर सिंह परमार, सोहन सिंह भदौरिया, धनीराम कुशवाह, सुनील दुबे दिलीप कुमार आदि है।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का विश्व पर्यटन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

वसुधैव कुटुम्बकम

ग्वालियर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की भगिनी संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाऊंडेशन के तहत शिपिंग एविएशन एवं टूरिज्म प्रभाग के द्वारा माधवगंज स्थित प्रभु उपहार भवन केंद्र पर विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ब्रह्माकुमारीज केंद्र की मुख्य संचालिका बीके आदर्श दीदी तथा क्षेत्रीय कोऑर्डिनेटर पर्यटक प्रभाग की बीके ज्योति बहन, पुलिस में कार्यरत दिनेश यादव, प्रदीप, एनसीसी से अनिल ठाकुर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में ब्रह्माकुमारी आदर्श दीदी ने कार्यक्रम का लक्ष्य एवं उद्देश्य बताते हुए उपस्थित सभी भाई बहनों को ज्ञान से भरपूर किया और जीवन में दिव्य गुणों को धारण करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में बीके ज्योति बहन ने विश्व बंधुत्व विषय को स्पष्ट करते हुए कहा कि वर्तमान समय चारों तरफडर, दुख, भय का माहौल है। जो हर मानव में अशांति का कारण है, इसलिए अब हम सभी को एक जुट होकर विश्व को नवयुग बनाने हेतु कार्य करना होगा। अंत में कलाकारों द्वारा विश्व बंधुत्व विषय पर नृत्य नाटक के द्वारा बताया गया हम सब एक हैं, एक परमात्मा की संतान है। कार्यक्रम का संचालन बीके आदर्श दीदी ने किया।

विधायक डॉ. सिकरवार ने किया सामुदायिक भवन निर्माण के लिये भूमिपूजन

ग्वालियर। 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 28 के वाल्मीक बस्ती परिहार मौहल्ला शिवनगर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती गायत्री सुधीर मण्डेलिया ने भूमिपूजन किया। इस सामुदायिक भवन का निर्माण लगभग 9 लाख 21 हजार रूपये की लागत से किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि वर्षों से क्षेत्र की जनता द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण की मांग की जा रही है, सामुदायिक भवन निर्माण से क्षेत्रवासियों को पारिवारिक कार्यक्रम करने हेतु सुविधा प्राप्त होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद विधायक डॉ. सिकरवार ने क्षेत्र का भ्रमण किया, जनता की समस्याओं को सुना और तुरन्त संबधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं का निराकरण कराया। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्राधिकारी राजीव पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, रमेश झा, पप्पू पंडित, लालता प्रसाद मिश्रा, आबिद नकवी, ओमकार सरपंच, रामबीर गुर्जर, पंचम सिंह भदौरिया, राजवीर सिसोदिया, संतोष वर्मा, प्रीति शर्मा, देवानंद एश्वार, असलम खान एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

सभी तहसीलदारों को 20-20 लाख राजस्व वसूली का लक्ष्य

कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना। कलेक्टर अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में सोमवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी तहसीलदार यह सुनिश्चित करें कि 20-20 लाख प्रति तहसीलदार राजस्व वसूली करायें। जिसमें भू-भाटक की राशि शामिल नहीं होगी। बैठक में अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम, समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तथा प्रभारी एसएलआर उपस्थित थे।

कलेक्टर अंकित अस्थाना ने कहा कि जिले में 0 से 3 माह तक लंबित एक भी नामान्तरण न रहे। उन्होंने कहा कि जिले में 777 जो प्रकरण दिख रहें है, उनमें से 50 प्रतिशत तक निराकरण 15 दिवस में कराना सुनिश्चित करें। जिसमें 390 का सभी तहसीलदारों को लक्ष्य दिया गया है। जिस दिन प्रदेश स्तर से व्हीसी हो, उसमें मुरैना बॉटम नहीं आना चाहिये। उन्होंने कहा कि रूटिन के कार्य पटवारी द्वारा समय-समय पर किये जाये, इस कार्य में विलंब नहीं होना चाहिये।

कलेक्टर ने खाद वितरण की समीक्षा की

कलेक्टर अंकित अस्थाना ने कहा कि जिले में खाद वितरण के लिये राजस्व अधिकारी मुस्तैद रहें। अपने-अपने क्षेत्र में शासकीय काउंटर के अलावा दो प्राइवेट काउंटर भी चालू कराये जायें। उन्होंने कहा कि कूपन वितरण करते समय यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि भीड़ को डायवर्ट करने के लिये कूपन काउंटर भी बढ़ा दिये जाये। उन्हांने कहा कि डीएपी और एनपीकेएस की मात्रा कृषकों को बराबर दी जाये। खाद वितरण केन्द्रों पर पटवारी एवं पुलिस मौके पर रहे, प्रतिदिन वितरण की जानकारी कृषि विभाग अवगत कराते रहें।

चोरी के आरोपियों को दो-दो वर्ष का सश्रम कारावास

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना। न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील अम्बाह जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपीगण 01. बलराम पुत्र कन्हई कुशवाह, 02. करूआ पुत्र बनवारी कुशवाह, 03. सोनू उर्फ सोनपाल पुत्र महाराज सिंह बघेल को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 457, 380 के अंतर्गत दोषी पाते हुये 02-02 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000-1000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि सूचनाकर्ता अवधेश सिंह तोमर ने उपस्थित थाना आकर जुबानी रिपोर्ट की कि दिनांक 13.01.2024 के शाम करीबन 06:00 बजे अपने मकान का ताला लगाकर वह अपने गांव पालि थाना महुआ चला गया था, तभी सुबह उसे राहुल तोमर का फोन आया कि उसके मकान से चोरी हो गयी है, तब उसने आकर देखा तो उसके मकान का ताला कटा हुआ था। घर के अंदर अलमारी का लॉक टूटा था। जब सामान देखा तो उसमें रखे दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछिया दोनों पुराने इस्तेमाली चांदी के एवं टॉक्स दो जोड़ी, अंगूठी दो जनानी एवं एक अंगूठी मर्दानी, एक जंजीर, एक मंगलसूत्र और एक जोड़ी सुई धागा सभी पुराने इस्तेमाली सोने के और रूपये तथा पास में उसके चचेरे भाई प्रशांत तोमर जो विकास चंद्र शर्मा के मकान में किराये से रहते हैं, उसके घर का ताला तोड़कर एक जोड़ी बड़े वाला, एक जोड़ी सुई धागा, दो मचंली माला सभी पुराने इस्तेमाली सोने के एवं एक जोड़ी बड़ी तोड़िया व एक जोड़ी छोटे तोड़िया दोनो पुराने इस्तेमाली चांदी के तथा रूपये रात्रि में कोई अज्ञात चोर उनके घर से चोरी कर ले गया है। उक्त घटना की उसने थाना अम्बाह के अपराध क्रमांक 24/2024 धारा 457, 380 भा.द.सं. लेख की गई थी। अनुसंधान के दौरान साक्षीगण के कथन अभिलिखित किये गये। घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया। अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के मेमोरेंडम कथन लेखबद्ध किये गए। अभियुक्तगण से चोरी गई सम्पत्ति जप्त की गई एव सूचनाकर्ता से उक्त सम्पत्ति की शिनाख्ती की कार्यवाही करायी गई। तत्पश्चात शेष अनुसंधान पूर्ण किये जाने उपरांत थाना अम्बाह में माननीय न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। माननीय न्यायालय ने अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर उक्त अपराध के आरोपीगणों को 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000-1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। उक्त प्रकरण में शासन/अभियोजन की ओर से पैरवी श्री सोवरन सिंह माहौर सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अम्बाह जिला मुरैना द्वारा की गई।

ताला तोड़कर बीआरसी दफ्तर से 2 टेबलेट, एक लैपटॉप चोरी

शहर के गणेशपुरा इलाके में बालक उमावि क्रं. 2 के पास हुई घटना

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना। शहर के गणेशपुरा इलाके में बालक उमावि क्रं. 2 के बाजू में स्थित जनपद शिक्षा केन्द्र दफ्तर के ताले को चटकाने के बाद गेट को सरिये से टेढ़ा कर अज्ञात बदमाश कमरे में रखे टेबलेट डिवाइस और एक लैपटॉप सहित स्टेशनरी चुराकर ले गए। चोरी की वारदात रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात को होना बताई गई है। कोतवाली पुलिस ने बीआरसी की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को बीआरसी देवेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य कर्मचारी गणेशपुरा में स्थित जनपद शिक्षा केन्द्र का ताला लगाकर चले गए थे। सोमवार की सुबह जब बीआरसी देवेन्द्र सिंह तोमर दफ्तर पहुंचें तो मुख्य द्वार पर लगा चैनल गेट टेढ़ा दिखाई दिया। अंदर जाने पर कूलर अस्त-व्यस्त पड़े हुए थे। जिन्हें देखकर लगता था कि किसी ने कूलरों में लगी पंखें की मोटरों को खोलने की कोशिश की थी। दफ्तर के परिसर में स्थित एक कमरे का ताला टूटा हुआ था, लेकिन सेन्ट्रल लॉक का बदमाश नहीं तोड़ पाए, तब उन्होंने सरिए से कमरे के गेट को तिरछा किया और अंदर रखी दो टेबलेट डिवाइस एवं एक लैपटॉप सहित स्टेशनरी को चुराकर ले गए। बीआरसी श्री तोमर की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शासकीय कन्या महाविद्यालय में हो रहे हैं अनेक कार्यक्रम

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना। शासकीय कन्या (अग्रणी) महाविद्यालय मुरैना में 17 सितंबर से प्रारंभ 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जो 02 अक्टूबर तक चलेंगे। कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में 26 सितम्बर को स्वच्छता थीम पर आधारित मेहंदी प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। 27 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा पर निबंध प्रतियोगिता का एवं 28 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 30 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इन सभी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस संपूर्ण कार्यक्रम की संयोजक रा.से.यो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुक्ता अग्रवाल एवं उनके सहयोगी में डॉ. गुलबवती पटेल रही।

महिला संबंधी अपराधों में संलिप्त 200 से अधिक अपराधियों को किया बाउण्डओवर

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में विगत कुछ वर्षों में महिलाओं एवं बालिकाओं के विरूद्ध घटित लैंगिक अपराधों के अपराधियों पर निगरानी रखने एवं उनके विरूद्ध आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा संपूर्ण जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त विशेष अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन में जिले के समस्त थानों पर महिला संबंधी अपराधों के अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है, जिसमें विगत कुछ वर्षों में जिले में घटित पॉक्सो एवं महिला संबंधी अपराधों में संलिप्त लगभग 600 से अधिक अपराधियों को चिन्हित किया जाकर विशेष अभियान के तहत विगत 02 दिवसों में लगभग 200 से अधिक अपराधियों के विरूद्ध आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाकर उन्हें बाउण्डओवर कराया गया है एवं 30 से अधिक अपराधियों को समझाइश/हिदायत दी गई है। विशेष प्रकरणों में जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जा रही है। यह विशेष अभियान अगले कुछ दिनों तक निरंतर जारी रहेगा। मुरैना पुलिस महिला संबंधी अपराधों को लेकर निरंतर संवेदनशील है एवं समस्त आमजन से अपील करती है कि ऐसे किसी भी अपराध की जानकारी तत्काल निकटतम् पुलिस थाना अथवा कंट्रोल रूम को देवें।

फल वितरण कर मनाई कै. माधव राव सिंधिया की पुण्यतिथि

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना। पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना द्वारा भाजपा पदधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ मिलकर कै. श्रीमंत माधव राव सिंधिया की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में वृद्धजनों एवं निःशक्त बच्चों में फल वितरण किये गये तथा पौधारोपण किया गया। सर्वप्रथम कै. माधवराव सिंधिया की चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। स्व. श्रीमंत सिंधिया के जीवन पर प्रकाश डालते हुये पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना ने कहा कि उनका व्यक्तित्व अनुकरणीय है। चंबल-अंचल संभाग के विकास के लिये व आमजन के सहयोग के लिये वह सदैव तत्पर रहते थे। मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे लंबे समय तक उनके साथ रहने का अवसर मिला। कैलाशवासी महाराज के विकास रथ को अब श्रीमंत महाराज साहब ज्योतिरादित्य सिंधिया अब आगे बढ़ा रहे हैं। फल वितरण के बाद कै. माधव सिंधिया के नाम पौधा रोपण भी किया गया।

इस अवसर पर रामनेरश शर्मा, राजेश सिकरवार, हरिओम शर्मा, गजेन्द्र मावई, संजय शर्मा, हरीसिंह सिकरवार, केडी डण्डौतिया, विजय छारी, युवराज डण्डौतिया, श्रीराम राठौर, ओमप्रकाश ठगेले, एड. नत्थी सिंह गुर्जर, जितेन्द्र गुर्जर, रामवीर कंषाना, विष्णु वर्मा, दिलीप डण्डौतिया, सुरेश डण्डौतिया, जितेन्द्र घुरैया, प्रेमकुमार बंसल, मंडल अध्यक्ष अनूप जैन, रामवीर निगम, श्रीमती मीना भदौरिया, श्रीमती विट्टी खटीक, श्रीमती कल्पना सेंगर, श्रीमती गुड्डी राठौर, श्रीमती माला छोंकर, सुनील उपाध्याय, श्रीमती निधि गुप्ता, राहुल पचौरी, राजवीर वैसला, संतोश शर्मा, गोविंद उपाध्याय, रामनिवास माहौर, आकाश भदौरिया सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

जेएसएस मुरैना ने किया सेनेटरी पैड पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना। जन शिक्षण संस्थान मुरैना द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गोपालपुरा मुरैना में महिलाओं को सेनिटरी पैड पर जागरूकता का अयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी नवल किशोर ने बताया कि सैनिटरी नैपकिन का प्रयोग न करने से महिलाओं में अनेक स्वास्थ्य समस्याएं जन्म ले रही हैं। सैनिटरी नैपकिन को लेकर सबसे बड़ी समस्या एक ही नैपकिन का लम्बे समय तक प्रयोग करना है। सैनिटरी नैपकिन प्रयोग करने वाली अधिकतर महिलाएं 12 से 15 घंटे तक एक ही सैनिटरी नैपकिन प्रयोग करती हैं जिससे महिलाओं में होने वाले इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। जिसकी वजह से गुप्तांगों में सूजन, यूटेरस इंफेक्शन, आदि जैसी घातक बीमारियां हो सकती हैं। इसीलिए माहवारी के समय में एक सैनिटरी नैपकिन को हर 6 से 8 घंटे बाद बदल कर नए नैपकिन का प्रयोग करना चाहिए।

श्रीमती हेमलता प्रशिक्षिका जन शिक्षण संस्थान मुरैना ने उपस्थित महिलाओं को सेनिटरी पैड से संबंधित जानकारी दी। इस समय पर थोड़ी सी भी लापरवाही उनकी सेहत पर भारी पड़ सकती है। कुछ समय पहले महिलाऐं इसके बारे में हिचकिचाते थी लेकिन प्रत्येक महिला कोपीरियड्स के दौरान हाइजीन को लेकर अधिक जागरूक होना चाहिए। संस्थान ने महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किये। इस अवसर पर जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी नवल किशोर, सहा. कार्यक्रम अधिकारी रजत कुशवाह, प्रशिक्षिका हेमलता गुप्ता, गुड्डी वाई, सहित 30 ग्रामीण महिलाऐं उपस्थित रहीं।

गरबा-डांडिया की प्रैक्टिस में 150 प्रतिभागी हुए शामिल

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना। शारदीय नवरात्र के दौरान 7 एवं 8 अक्टूबर को होने वाले गरबा-डांडिया महोत्सव में शामिल होने के लिए वृंदावन गार्डन में हुई ग्राण्ड प्रैक्टिस में 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

07 एवं 08 अक्टूबर को गरबा-डांडिया महोत्सव का आयोजन स्ट्रीट रॉकर्स इवेंट्स कंपनी द्वारा किया जाएगा। आयोजन वृंदावन गार्डन में होगा। जिसे लेकर रविवार को ग्राण्ड प्रैक्टिस का निःशुल्क आयोजन किया गया। इस मौके पर आरटीओ श्रीमती अर्चना परिहार, व्यवसायिक एवं औद्योगिक सहकारी बैंक की उपाध्यक्ष श्रीमती उमा मनोज अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। बताना होगा कि प्रैक्टिस सेशन में नन्हें प्रतिभागियों ने गरबा-डांडिया की परफॉर्मेंस दी। एक सैकड़ा प्रतिभागियों को डांडिया नाईट के कोरियाग्रॉफर राजा, दीपक, अजय द्वारा बीते एक माह से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रैक्टिस का यह सेशन आगामी 6 अक्टूबर तक वृंदावन गार्डन में चलता रहेगा। कार्यक्रम के बाद स्ट्रीट रॉकर्स द्वारा लकी ड्रॉ का आयोजन भी किया गया। जिसमे प्रथम पुरुस्कार ईशू खान, सेकण्ड पुरुस्कार पूनम बंसल और तृतीय पुरुस्कार रेनू बाथम को दिया गया। अतिथियों ने परफॉर्मेंस के आधार पर 150 में से 35 प्रतिभागियों को उपहार भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया। स्ट्रीट रोकर्स इवेंट्स के संचालक मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले 4 रविवार को डांडिया की निःशुल्क मेगा प्रैक्टिस करवाई गई।

माथुर वैश्य समाज के विभिन्न संगठनों के चुनाव कल

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना/अम्बाह। माथुर वैश्य शाखा सभा, महिला मंडल एवं सेवादल शाखा अम्बाह का निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम 02 अक्टूबर बुधवार को माथुर वेश्य धर्मशाला, अम्बाह में सम्पन्न होगा। निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मीरा गोलश ने अनुसार 02 अक्टूबर को नामांकन फॉर्म भरने का समय सुबह 12 बजे से 1 बजे तक रहेगा। इसके बाद नामांकन फॉर्म की जांच दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक होगी। नामांकन फॉर्म वापिसी का दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक का समय है। इसके बाद परिणाम घोषणा की जायेगी। चुनाव अधिकारी के अनुसार यदि चुनाव की नौबत आती है तो अगली तारीख निश्चय की जाएगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि विजयी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र सायं 05 जारी करेंगे।

फिल्म निर्माता प्रकाश झा पहुंचे राकेश-रुस्तम सिंह के निवास पर

श्री झा ने अंचल की पुरा संपदाओं का अवलोकन किया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

मुरैना। विख्यात फिल्म प्रोड्यूसर एवं डायरेक्र प्रकाश झा सोमवार को अल्प प्रवास पर मुरैना पहुंचें। यहां उन्होंने जिले की ऐतिहासिक धरोहरों को देखा, उन्होंने आगामी समय में ग्वालियर-चंबल संभाग में फिल्म निर्माण की बात भी कही।





डायरेक्टर प्रकाश झा सोमवार को मुंबई से वायुमार्ग द्वारा ग्वालियर के महाराजपुरा हवाईअड्डा पहुंचें। यहां पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह के सुपुत्र राकेश सिंह ने उनकी अगवानी की। जिसके बाद राकेश सिंह उन्हें अपने साथ चंबल की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण कराने के लिए ले गए। इस दौरान राकेश सिंह ने प्रकाश झा को मितावली-पढ़ावली, बटेश्वरा स्थित चौंसठ योगिनी मंदिर और त्रेतायुगीन भगवान शनिदेव मंदिर का भ्रमण कराया। भ्रमण करने के बाद प्रकाश झा पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह के बानमोर स्थित निवास पर पहुंचें। जहां उन्होंने अल्पाहार लिया और परिवार के सदस्यों से सौंजन्य वार्ता भी की। प्रकाश झा ने कहा कि आगामी समय में वे ग्वालियर-चंबल संभाग में अपनी फिल्म की शूटिंग भी करेंगे।

कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/2024

//नामांतरण विज्ञप्ति (उज्जदारी)//

मुरैना, दिनांकः- 30.09.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के तहत भूमि/भवन स्वामियों द्वारा सम्पत्ति कर पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन विधिवत शुल्क जमा कर इस कार्यालय में निम्नानुसार प्रस्तुत किये गये हैंः-

क्र.	भूमि/भवन एवं वार्ड क्रमांक	भूमि/भवन क्रेता/ अन्तरणगृहीता स्वामी का नाम	भूमि/भवन विक्रेता/ अन्तरणकर्ता	नामांतरण /अन्तरण का आधार एवं क्षेत्रफल
1	83/31, नया वार्ड 42 5वीं बटालियन व्हीआईपी रोड श्याम विहार कॉलोनी मुरैना	श्री विराट एन शाह पुत्र नरेन्द्रलाल शाह, श्रीमती सोनल शाह पत्नी विराट कुमार	श्रीमती सुलेखा जैन पत्नी श्री सुनील जैन	विक्रय पत्र
2	152/46, EX-MDX-28 न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना	श्रीमती सीमा तोमर पत्नी महेश सिंह तोमर निवासी- मयूरवन कॉलोनी मुरैना	श्रीमती अर्चना शर्मा पत्नी दिबाकर शर्मा	विक्रय पत्र
3	131/13, नया वार्ड 17 अंशभाग	श्री नितिन गुप्ता पुत्र राजेन्द्र गुप्ता	कमलेश किशोर गोयल, गिर्राज किशोर गोयल पुत्रगण स्व. रामेश्वर दयाल गोयल	विक्रय पत्र
4	नया भवन/भूमि, वार्ड क्र. 45 ग्राम महाराजपुर मुरैना	श्रीमती प्रीति सिकरवार पत्नी भानूप्रताप सिंह सिकरवार	बदन सिंह पुत्र मोहनलाल	विक्रय पत्र, पटवारी खसरा
5	477/35, नया वार्ड 41	श्री बालकृष्ण सिंह सिकरवार पुत्र रामदयाल सिंह, निवासी- गोपाल भगत वाली गली मुरैना	रामजीलाल पुत्र मुकन्दीराम के बजाय सुमन देवी पत्नी बालकृष्ण सिंह के बजाय श्रीमती गिरजा देवी पत्नी विजेन्द्र सिंह	पटवारी खसरा
6	भ.क्र. 970/37, नया वार्ड 12 पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना	राजकुमार सिंह तोमर पुत्र स्व. मदन मोहन सिंह तोमर (एम.एम. सिंह), श्रीमती शिखा सिंह पत्नी स्व. विनोद सिंह तोमर, शौर्यवर्धन सिंह, दिव्यांशी पुत्र/पुत्री स्व. विनोद सिंह तोमर निवासी- पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना	स्व. मदन मोहन सिंह तोमर (एम.एस. सिंह) पुत्र जुगराज सिंह तोमर	मृत्यु प्रमाण पत्र
7	नया भवन, वार्ड क्र.01	अशोक शर्मा पुत्र स्व. रामबाबू शर्मा निवासी- महादेव नाका मुरैना	शोभाराम, फूलचन्द्र, फोदलिया, मातादीन, रामभरोषी, लक्ष्मीनारायण, राजेन्द्र पुत्रगण ओछाराम	मृत्यु प्रमाण पत्र, फोती नामांतरण, पटवारी खसरा संशोधन, भाईयों की सहमति

अतः उपरोक्त भूमि/भवन पर नामांतरण किए जाने में किसी भी खास/परिवारीजन/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के अंदर 15 दिवस इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा नामांतरण प्रकरण में कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। सूचित हों।

वास्ते सहायक आयुक्त
नगर पालिक निगम, मुरैना

कार्यालय नगरपालिक निगम, मुरैना (म.प्र.)
Office of the Municipal Corporation,
Morena (M.P.)

Address - Town Hall Parishar Jiwaji
Ganj Morena (M.P.)- 476001
Email :-
commmorena@mpurban.gov.in
Phone No. : 07532-226020

क्रमांक/वि.पं./2024/4519

मुरैना, दिनांक - 27/09/2024

इश्तहार सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक (वर) मोहित शर्मा पुत्र श्री रवि शर्मा निवासी- फौजी भवन भरोषी धर्मशाला के पास पंचम वाली गली दत्तपुरा, मुरैना द्वारा विवाह पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वधू शिवानी मुदगल पुत्री सुभाष शर्मा निवासी- ग्राम बिलौआ लहर्रा मुरैना का विवाह दिनांक- 23.04.2024 स्थान- बी.के. पैलेस नाला नं.1 परशुराम चौराहा मुरैना पर हिन्दू रीति-रिवाज़ से सम्पन्न विवाह के आधार पर इस निगम में नियमानुसार विवाह का पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति निगम कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी, और प्रस्तुत आवेदन के आधार पर विवाह पंजीयन कर दिया जावेगा।

रजिस्ट्रार
विवाह पंजीयन
नगरपालिक निगम, मुरैना

कार्यालय सेनानी 05वी वाहिनी विसबल मुरैना
Email :- co5bn saf@mppolice.gov.in

कमांक/5वी वटा/एम.टी./D-३०७१/

दिनांक: २०/09/2024

// विकय विज्ञप्ति//

1- सेनानी 5वी वाहिनी विसबल मुरैना की परिवहन शाखा में वाहनो से उतरे हुए अनुपयोगी कण्डम मोटर पार्टस जिनका कुल बजन- 669.310 कि0ग्राम एवं टायर-ट्यूब- 30 नग सामान विकय किया जाना है।
2- नीलामी की विस्तृत जानकारी/ शर्ते कार्यालय सेनानी 5वी वाहिनी विसबल की परिवहन शाखा मुरैना में उपलब्ध है।
3- नीलामी का प्रकार खुली नीलामी के रूप में होगा।
4- खुली नीलामी दिनांक 07.10.2024 को कार्यालयीन समय 11.00 बजे प्रारम्भ की जावेगी एवं नीलांमी का स्थल परिवहन शाखा 05वी वाहिनी विसबल मुरैना होगा।
5- खुली नीलामी में निर्धारित शर्तो का पालन करने वाले ही भाग ले सकेंगे।
6- नीलामी संबधी समस्त अधिकार सेनानी 05वी वाहिनी विसबल मुरैना को होगा।

(रघुवंश कुमार सिंह)
सेनानी
5वी वाहिनी विसबल मुरैना

G16971/24

श्रीमंत माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दी पुष्पांजलि

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
ग्वालियर। प्रगति और विकास के पुरोधा, भारतीय लोकतंत्र के यशस्वी जननायक और श्रेष्ठ जनसेवा के लिए संकल्पित, समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज और पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी की 23वीं पुण्यतिथि पर कटोराताल रोड स्थित अम्मा महाराज की छत्री परिसर में श्रीगोपाल मंदिर में सोमवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी राष्ट्र उन्नति और समाज की सेवा हेतु किये अपने अभूतपूर्व कार्यों व प्रयासों के लिए आप सदैव याद जाएंगे।

रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया

इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, ध्यानेन्द्र सिंह (मामा) व बालेन्दु शुक्ल, भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, संत कृपाल सिंह, शहरकाजी समद कादरी सहित अन्य धर्मगुरू तथा जनप्रतिनिधि शामिल हुए और कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार सुबह सबसे पहले श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी की छत्री पर पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके श्री चरणों में नमन् किया। तदोपरांत सिविल अस्पताल हजीरा में मरीजों को फल वितरण तथा रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी को याद करते हुए कहा कि वह न केवल अपनी पीढ़ी के अग्रणी प्रकाश थे, बल्कि दूरदर्शी उत्साह और जोश वाले एक गतिशील युवा नेता भी थे। उनका सौम्य, स्पष्ट, जीवंत व्यक्तित्व और युवा चेहरा सभी भारतीयों और विशेष रूप से ग्वालियर-चम्बल के वाशिंदों को याद रहेगा।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी ने जो कुछ भी किया, उसमें एक नई गतिशीलता पैदा की, वे हमारे देश के अग्रणी नेता थे। वह हर मायने में लोगों के बीच रहने वाले व्यक्ति थे और उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन लोगों के कल्याण और उत्थान के लिए समर्पित किया। वह मीडिया के जानकार, खेल, कला और संस्कृति के प्रेमी और एक उच्च शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले। उनकी स्पष्टवादिता और हास्यबोध अतुलनीय था।

बरसात से खराब हुईं सड़कों की मरम्मत तेजी से कराएँ: ऊर्जा मंत्री तोमर

उपनगर ग्वालियर की विभिन्न बस्तियों का भ्रमण कर सड़क, सीवर एवं स्ट्रीट लाइट से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
ग्वालियर। बरसात के कारण खराब हुईं सड़कों की मरम्मत का काम तेजी से कराएँ। सड़कों का काम इस तरह से किया जाए जिससे आमजन को आवागमन में दिक्कत न हो। साथ ही चौक सीवर लाइनों की सफाई और बंद स्ट्रीट लाइटें दुरूस्त करने का काम भी तत्परता से कराएँ। इन कामों में कोई ढिलाई न हो। इस आशय के निर्देश ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नगर निगम तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

ऊर्ज मंत्री श्री तोमर सोमवार को शहर के वार्ड-7 के अंतर्गत सती विहार कॉलोनी, वार्ड-6 बम भोले की बगिया, हथियापौर घासमंडी एवं जगनापुरा आदि क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं का जायजा लेने पहुँचे थे। भ्रमण के दौरान एसडीएम अतुल सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम मुनीश सिंह सिकरवार, विद्युत वितरण कंपनी के डीई श्रीनिवास यादव व कार्यपालन यंत्री नगर निगम सुशील कटारे सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री श्री तोमर ने अधिकारियों के साथ सती विहार कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण किया। स्थानीय निवासियों द्वारा बरसात से खराब हुई सड़कों और स्ट्रीट लाइटें बंद होने की ओर ध्यान आकर्षित किए जाने पर श्री तोमर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खराब सड़कों को तात्कालिक रूप से गिट्टी डालकर यातायात के लिये सुगम बनायें। साथ ही नई सड़कों के निर्माण के लिए स्टीमेट तैयार करें, जिससे सरकार की योजना के तहत इन सड़कों का निर्माण कराया जा सके। उन्होंने स्ट्रीट लाइटों को अभियान बतौर ठीक करने पर भी विशेष जोर दिया।

उपनगर ग्वालियर की हथियापौर एवं जगनापुरा बस्तियों के निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बम भोले की बगिया से पुलिस चौकी तक सीवर लाइन डालने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बरसात के कारण इस क्षेत्र में जिन लोगों की पाटौरों को नुकसान पहुँचा है, एसडीएम इन सबकी मदद के लिये शासन के प्रावधानों के तहत उचित कार्यवाही करें। श्री तोमर ने हथियापौर नाले के निर्माण कार्य को प्राथमिकता देने की हिदायत भी दी।

भ्रमण के दौरान जगनापुरा में स्ट्रीट लाइट एवं नाला निर्माण की माँग क्षेत्रीय निवासियों ने ऊर्जा मंत्री श्री तोमर से की। मंत्री श्री तोमर ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का तत्परता से निराकरण कर उन्हें अवगत कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

हजीरा हॉस्पिटल में स्व. माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित

-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने स्वयं रक्तदान कर किया शिविर का उद्घाटन
-सेवाभावी नागरिकों ने किया दो दर्जन से अधिक यूनिट रक्तदान

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
ग्वालियर। पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर सिविल हॉस्पिटल हजीरा में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की पहल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में श्री तोमर ने स्वयं रक्तदान कर इस शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री तोमर के साथ सेवाभावी नागरिकों द्वारा दो दर्जन यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने रक्तदान से पहले सिविल हॉस्पिटल हजीरा के विभिन्न वार्डों में पहुँचकर यहाँ भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि स्व. माधवराव सिंधिया जी का सम्पूर्ण जीवन ग्वालियर-चंबल अंचल के विकास के लिये समर्पित रहा। रक्तदान कर हम दूसरों का जीवन बचाते हैं। श्री तोमर ने स्व. माधवराव सिंधिया जी की पुण्यतिथि पर रक्तदान करने वाले सेवाभावी नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि आप सबने रक्तदान कर स्व. माधवराव सिंधिया जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मंत्री श्री तोमर ने अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती मरीजों व उनके परिजनों से भी इस मौके पर चर्चा कर सिविल हॉस्पिटल हजीरा की स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने यहाँ की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सरकारी अस्पतालों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से सुसज्जित कर रही है। इसी कड़ी में हजीरा हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया गया है। हजीरा सिविल अस्पताल में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर सहित रामअवतार वैश्य, शैलू चौहान, गोविन्द वैश्य, धीरज चौहान, सचिन सिकरवार, विक्रम परिहार, विकास तोमर, समर्थ गोयल, जीतेन्द्र पटेल, हेमंत प्रजापति सहित कई नागरिको ने रक्तदान किया।

सीएम हेल्पलाइन का निराकरण 15 अक्टूबर तक सभी विभाग सुनिश्चित करें: कलेक्टर

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
मुरैना। अक्टूबर माह की सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग लगभग 20 अक्टूबर तक प्रदेश स्तर से जारी होगी।इससे पहले लगातार छुटिटयां होने के कारण कई अधिकारी सीएम हेल्पलाइन पर ध्यान नहीं देंगे।इसलिये सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन का निराकरण 15 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत निराकरण कराना सुनिश्चित करें। ये निर्देश कलेक्टर अंकित अस्थाना ने टीएल बैठक में समस्त जिला अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम, नगर निगम कमिश्नर, समस्त जिलाधिकारी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित थे।

कलेक्टर अंकित अस्थाना ने कहा कि मुरैना जिले के समस्त विभागों में लगभग 1885 शिकायतें लंबित पाई गई हैं, जिनमें 75 प्रतिशत सीएम हेल्पलाइन राजस्व विभाग की पाई गई हैं। समस्त राजस्व अधिकारी एवं जिला अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्राथमिकता के साथ सीएम हेल्पलाइन निराकृत हो।इसके लिये भले ही अधिकारियों को प्रतिदिन अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ व्ही.सी. के माध्यम से समीक्षा करना पड़े, तो करें। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह में 29 अधिकारी ऐसे पाये गये हैं, जिन्होंने सीएम हेल्पलाइन अटेंड ही नहीं की थी,उन अधिकारियों का एक् दिन का वेतन काटने के निर्देश जारी किये गये हैं। कलेक्टर ने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे पटवारी, आरआई के साथ प्रतिदिन एक घंटा व्हीसी के माध्यम से जुडकर बैठक लें। जिससे सीएम हेल्पलाइन में मुरैना ज़िले की रैंकिंग में सुधार आए।बैठक में ग्रामीण विकास के समस्त जनपद सीईओ ने सीएम हेल्पलाइन का शत-प्रतिशत निराकरण करने का आश्वासन 13 अक्टूबर तक बैठक में दिया। कलेक्टर ने टाइम लिमिट वाले पत्रों पर भी विस्तार से समीक्षा की और उन्होंने प्रत्येक शिकायती आवेदन को उत्तरा पोर्टल पर खुलवाकर उसकी वस्तु स्थिति अधिकारियों से पूछी और उन्होंने कहा कि जो शिकायती आवेदन समय पर निराकरण नहीं किये जाते हैं। उस अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश स्तर से सीएम राइज स्कूल स्वीकृत हुये है, जिनमें मांगरोल, बानमौर, डोमपुरा, झुण्डपुरा और किर्रायच में बनाये जाने हैं।

मुरैना जिले में शुष्क दिवस 02 अक्टूबर को

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
मुरैना। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 के तहत 02 अक्टूबर, 2024 गांधी जयंती (एक दिवस) के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंकित अस्थाना ने मुरैना जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में शुष्क दिवस घोषित किया है।

शासकीय सेवा में सेवानिवृत्त होना शासन की प्रक्रिया: सीएसपी राकेश गुप्ता

श्री गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
मुरैना। नगर पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने पर पुलिस के आला अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उन्हें पुष्पहार पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में स्थानान्तरण व सेवानिवृत्ति सामान्य बात है। लेकिन जो सहयोग मुरैना में मुझे मिला उसे मैं भूल नहीं सकता। अधिकारियों व कर्मचारियों ने मुझे हमेशा सहयोग किया। इतना ही नहीं यहां के लोगों ने भी मेरा भरपूर समर्थन किया। आप लोगों को जब भी मेरी ज़रूरत महसूस हो तो आप मुझसे निःसंकोच मुलाकात कर सकते हैं।

यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक होगा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कई ऐसी कार्रवाईयों को अंजाम दिया जिन्हें शहरवासियों ने काफी सराहा है। सीएसपी बनने से पहले भी राकेश गुप्ता ने मुरैना में ड्यूटी करते हुए काफी वक्त गुजारा है। ट्रैफिक की जवाबदारी सम्हालते हुए उन्होंने ट्रैफिक सुधारने की दिशा कई कदम उठाए थे जिससे ट्रैफिक व्यवस्था में उस समय काफी हद तक सुधार देखने को मिला था। इसके अलावा सीएसपी बनने से पहले विभिन्न थानों की जिम्मेदारी भी उन्होंने बखूबी सम्हाली थी। इसके बाद उन्हे प्रमोशन मिला और वह नगर पुलिस अधीक्षक बनकर एक बार फिर मुरैना आए। उनके पास सिटी कोतवाली, सिविल लाइन, स्टेशन रोड थाना व सरायछौला थाने के सुपरवीजन की जिम्मेदारी रही। उन्होंने समय-समय पर जाकर थानों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश देकर पुलिसिंग चुस्त दुरुस्त बनाने का हर संभव प्रयास किया। बीते कुछ दिनों में पुलिसिया कार्रवाई में चुस्ती भी देखने को मिली। अभी दो दिन पहले ही पुलिस ने पत्थर के ट्रैक्टरों को जब्त किया।अवैध रूप से पत्थर कर कारोबार करने वाले लोग पुलिस के हाथ नहीं आ रहे थे। इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ने योजना बनाई और अचानक पहुंचकर ट्रैक्टरों को घेर लिया। अवैध रूप से पत्थर का कारोबार करने वाले इन लोगों को भागने का वक्त नहीं मिला और पुलिस उन्हें ट्रैक्टर सहित थाने ले आई थी। इस कार्यवाई में सीएसपी राकेश गुप्ता का खासा योगदान देखने को मिला था। पिछले दिनों व्यापारी के साथ हुई लूट के बाद भी सीएसपी ने तेजी दिखाई और अधीनस्थों को निर्देश देते हुए लुटेरों को दबोचने की रणनीति तैयार की। नतीजा यह हुआ कि लूट की वारदात की कुछ ही घंटो बाद आरोपियों को दबोचकर उनसे लूटी गई राशि बरामद कर ली गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के जरिए लुटेरों को धर दबोचा था। ऐसी कार्रवाई के अलावा सीएसपी राकेश गुप्ता ने आमजन की सुरक्षा के लिहाज से कई तरह के अभियान भी चलाए जिसमें वारंटियों को दबोचना, जुआ व सट्टेबाजों पर भी लगातार कार्रवाईयां की गईं।

कोटा बैराज से 66 हजार से अधिक क्युसेक पानी छोड़ा, कंट्रोल रूम अपडेट रहें: कलेक्टर

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
मुरैना। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने कहा है कि 29 सितम्बर को चम्बल नदी में कोटा बैराज से 66 हजार 111 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। यह पानी मंगलवार सुबह तक चम्बल नदी में आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि चम्बल नदी में खतरे के निशान पर पानी पहुंचने पर 89 गांव प्रभावित होंगे। कलेक्टर ने कहा कि चम्बल नदी का जल स्तर अभी 121.55 मीटर पर है। छोड़ा हुआ पानी चम्बल नदी में आता है तो 2 मीटर और बढ़ने की संभावना है। कलेक्टर ने जिला कंट्रोल एवं तहसील कंट्रोल रूम के प्रभारियों को निर्देश दिये है कि एक बार प्रत्येक 89 गांवों से दूरभाष पर सूचना दें कि वे निचले स्तर पर पानी की ओर न जायें।

कलेक्टर ने कहा कि बैटनरी विभाग सभी गौशालायें संचालित करायें, वहीं नगर निगम कमिश्नर को निर्देश दिये कि नगर निगम के अलावा अतिरिक्त ट्रोला का प्रबंध करें। ताकि मुरैना नगर निगम के आवारा गौवंश को तत्काल गौशालाओं में शिफ्ट कराया जाये।

विश्वकर्मा योजना में प्रगति न देखने पर पोरसा, अम्बाह और झुण्डपुरा सीएमओ को 3-3 दिन का वेतन काटने के निर्देश

कलेक्टर अंकित अस्थाना ने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की। समीक्षा में लक्ष्य के अनुसार कई नगरीय निकायों के सीएमओ ने अच्छा कार्य नहीं किया है। जिसमें कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सीएमओ पोरसा, अंबाह और झुण्डपुरा को 3-3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये।

शाकाहार है स्वस्थ जीवन का आधार

शाकाहार भोजन हमें स्वस्थ रखता है और यह आहार ह्रदय रोग और विभिन्न प्रकार के कैंसर के जोखिम को कम करता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए अधिकतर युवा शाकाहारी भोजन चुनते हैं। यह वजन कम करने में मदद करता है। इसमें कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। विश्व शाकाहार दिवस पर जानते हैं शाकाहार का जीवन में महत्व और उसका प्रभाव।

विश्व शाकाहारी दिवस आज



डॉ. केशव पाण्डेय

एक अक्टूबर को दुनिया भर में विश्व शाकाहारी दिवस मनाया जाता है। यह दिन शाकाहारी जीवनशैली से जुड़ी करुणा और खुशी को बढ़ावा देने के साथ ही हमें शाकाहारी जीवन शैली के महत्व को समझानेऔर इसे अपनाने के लिए प्रेरित करता है। मौजूदा परिवेश में जब पर्यावरणीय संकट, स्वास्थ्य समस्याएं और पशु अधिकारों का मुद्दा प्रमुखता से उठ रहा है, ऐसे में शाकाहारी होना एक सार्थक विकल्प बन गया है। यह शाकाहारी जागरूकता माह की भी शुरुआत करता है जो पहली नवंबर को समाप्त होता है।

विश्व शाकाहारी दिवस की शुरूआत 1977 में नॉर्थ अमेरिकन शाकाहारी सोसायटी (एनएवीएस) ने की थी। 1978 में अंतरराष्ट्रीय शाकाहारी संघ ने विश्व शाकाहारी दिवस का समर्थन किया। सोसायटी के अनुसार विश्व शाकाहारी दिवस शाकाहारी जीवन शैली के स्वास्थ्य, मानवीय और नैतिक पहलुओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है।

यह दिन न केवल शाकाहारी भोजन के सेवन को बढ़ावा देता है, बल्कि यह पशु क्रूरता के खिलाफ भी एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। इसका उद्देश्य जीवन को बेहतर बनाने की संभावनाओं और शाकाहारी व्यंजन खाने के आनंद को बढ़ावा देना है। ताकि शाकाहारी जीवन शैली को बढ़ावा देने और लोगों को मांस रहित आहार के लाभों के बारे में शिक्षित किया जा सके। इसे महत्व को जानते हुए हम अपने परिवार और मित्रों को शाकाहारी होने के लाभों के बारे में शिक्षित कर सकते हैं। इस दिन दुनिया भर के रेस्तरां में नए व्यंजन बनाने की कोशिश की जाती है और कई लोग दुनिया भर में शाकाहार को बढ़ावा देते हैं। क्योंकि शुद्ध शाकाहारी भोजन हमारे स्वभाव पर गहरा प्रभाव डालता है। अगर पूरी दुनिया शाकाहार अपना ले तो इससे मानव जाति की नियति बदल सकती है। शाकाहार काफी हानिरहित है। शाकाहार के साथ, आप अच्छी तरह से व्यवस्थित होते हैं और जानते हैं कि आपकी भोजन की आदत किसी की जान नहीं ले रही है और आप केवल ताजा चीजें ही खा रहे हैं।

दुनिया की लगभग 10 प्रतिशत आबादी शाकाहारी है। भारत में प्रति व्यक्ति मांस की खपत दुनिया में सबसे कम है। क्योंकि मांस रहित जीवनशैली वास्तव में बहुत स्वादिष्ट हो सकती है। यदि आप शाकाहारी नहीं भी हैं, तो एक दिन के लिए शाकाहारी बन जाएँ। अपने ऑफिस या स्कूल के दोस्तों के साथ साझा करने के लिए कुछ शाकाहारी खाना लाएँ। रेडीमेड वेजी ट्रे खरीदें। हर किसी को वेजी ट्रे पसंद होती है - यहाँ तक कि सबसे ज्यादा मांस खाने वाले भी।

शाकाहारी जीवनशैली के लाभों को समझने और उसे अपनाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। शाकाहार न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए बल्कि पर्यावरण और पशु कल्याण के लिए भी महत्वपूर्ण है। अध्ययनों से पता चला है कि पौधे-आधारित प्रोटीन का सेवन बढ़ाने से कैंसर की दर और ह्रदय रोग कम हो सकते हैं, साथ ही जीवनकाल भी बढ़ सकता है। पौधे आधारित आहार पशु कृषि की तुलना में बहुत कम प्रभाव छोड़ते हैं। हर जगह शाकाहारी भोजन को प्राथमिकता देकर विश्व भूखमरी के समाधान को प्रोत्साहित किया जा सकता है। जिससे उत्पादन और अनाज फसलों का अधिक कुशलतापूर्वक उपयोग किया जा सके। मांसाहार न करने से न केवल जानवरों की जान बचती है बल्कि जीवाश्म ईंधन की भी बचत होती है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि 1 कैलोरी बीड बनाने के लिए 78 कैलोरी जीवाश्म ईंधन की ज़रूरत होती है, लेकिन 1 कैलोरी सोयाबीन बनाने के लिए सिर्फ़ 1 कैलोरी जीवाश्म ईंधन की ज़रूरत होती है। यह मांस उत्पादन से 780 प्रतिशत ज्यादा कुशल है! शाकाहारी आहार में आमतौर पर बहुत सारी अच्छी चीजें शामिल होती हैं जो आपको हमेशा मांस में नहीं मिलती हैं: फाइबर, फोलिक एसिड, विटामिन सी और ई, मैग्नीशियम, असंतृप्त वसा और बहुत सारे फाइटोकेमिकल्स। इसका मतलब है कम कोलेस्ट्रॉल, ह्रदय रोग का कम जोखिम, कम रक्तचाप और स्वस्थ बजन।

शाकाहारी भोजन में फल, सब्जियां, अनाज, दालें और नट्स शामिल होते हैं। यह सभी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और ह्रदय रोग, डायबिटीज और मोटापे जैसी बीमारियों के खतरे को कम करते हैं। कई शोधों ने यह साबित किया है कि शाकाहारी आहार वजन को नियंत्रित करने में मदद करता है और शरीर को आवश्यक विटामिन और मिनरल प्रदान करता है।

पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पशुपालन के लिए बड़े पैमाने पर भूमि, जल और ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इसके परिणामस्वरूप पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शाकाहारी भोजन का सेवन करने से भूमि और जल के संसाधनों का संरक्षण होता है, और यह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ भी एक सकारात्मक कदम है। साथ ही पशुओं के प्रति क्रूरता को समाप्त करने का प्रयास करता है। जब हम मांस का सेवन नहीं करते, तो हम जानवरों की हत्या और अत्याचार को रोकने में योगदान देते हैं।

शाकाहारी आहार को हम दो श्रेणियों में बांट सकते हैं, इनमें एक है लैक्टो-ओवो शाकाहारी- इस आहार में दूध और अंडे का सेवन शामिल होता है, लेकिन मांस और मछली का सेवन नहीं किया जाता।

दूसरा है वीगन- इस श्रेणी में न केवल मांस, बल्कि दूध, अंडे और अन्य पशु उत्पादों का सेवन भी नहीं किया जाता। यह शुद्ध शाकाहारी आहार होता है।

शाकाहारी भोजन में खास तौर पर पनीर टिक्का, चने की दाल, प्रोटीन का एक बेहतरीन स्रोत, यह दाल विभिन्न तरीकों से बनाई जा सकती है। ताजे फलों और सब्जियों का सलाद न केवल पौष्टिक होता है, बल्कि इसे विभिन्न तरीकों से सजाया जा सकता है। इनके अलावा ताजे फलों का रस पीने से शरीर को आवश्यक विटामिन्स मिलते हैं और यह ताजगी प्रदान करता है। इसलिए जरूरी हो जाता है कि अपनी दिनचर्या में धीरे-धीरे शाकाहारी विकल्पों को शामिल करें। घर में विभिन्न शाकाहारी व्यंजनों को आजमाएं। जो आपके भोजन में विविधता लाने में मदद करेंगें। यदि आप शाकाहारी बनना चाहते हैं, तो इसके लिए एक दृढ़ संकल्प बनाएं। विश्व शाकाहारी दिवस केवल एक अवसर नहीं है, बल्कि यह एक सोच और एक नई जीवनशैली को अपनाने का प्रतीक है। आज की दुनिया में जब स्वास्थ्य, पर्यावरण और पशु अधिकारों के मुद्दे महत्वपूर्ण हैं, तब शाकाहारी जीवनशैली एक सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बन सकती है। आइए, हम सभी मिलकर इस दिन को मनाएं और इसे केवल एक दिन तक सीमित न रखकर अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। शाकाहारी बनें, स्वस्थ रहें, और एक बेहतर भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं! क्योंकि शाकाहार ही स्वस्थ जीवन का आधार।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. अंजली पब्लिकेशन एबी रोड़ मथुरा से मुद्रित, एवं ए-44-फस्ट फ्लोर, अशोका इन्क्लेव, पार्ट-2 सेक्टर- 37 फरीदाबाद हरियाणा (NCR) से प्रकाशित,
आरएनआई नं. एचएआरएचआईएन /2009/ 28496 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे। मो. 9958434103 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा।